आज भी उसी परेशानी का सामना खिलाड़ी को करना पड़ रहा है। मैं अपने नेता श्री बासुदेब आचार्य जी को धन्यवाद देती हूँ जिन्होंने मेरी प्राथमिकता का सम्मान रखा है। मैं कहना चाहूंगी कि खेलों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने की कोशिश करने की जरूरत है। यह जागरूकता तब तक नहीं लायी जा सकती है, जब तक खेलों को शिक्षा से न जोड़ दिया जाए। जब तक खेलों को शिक्षा का एक हिस्सा नहीं बना दिया जाता है, यह काम कभी पूरा नहीं होगा। एक नयी खेल नीति लाने की जरूरत है, जिसमें खेलकूद को एक जरूरी विषय के रूप में पाठय़क्रम में जोड़ दिया जाए। शिक्षा विभाग द्वारा यह निर्देश जारी किया जाना चाहिए कि स्कूलों के पास खेलों के लिए जगह हो। अधिकाधिक खिलाड़ियों का चयन स्कूल से ही किया जाना चाहिए और यह काम तभी होगा जब शिक्षा को एक जरूरी विषय के रूप में लिया जाएगा। राष्ट्रीय खेल नीति वर्ष 1984 में संसद में प्रस्तुत की गयी, तब से उस दिशा मे सरकार ने कोई सही कदम नहीं उठाया है। वर्ष 2001 में नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी में इसका थोड़ा ध्यान रखा गया था।

कल अर्थात 21 दिसम्बर, 2005 को सदन में एक प्रश्न के उत्तर में माननीय मंत्री जी ने जो जवाब दिया, उसे सुनकर मुझे आश्चर्य हुआ। उन्होंने कहा था कि भारत, चीन और यूरोपीय देशों में महिलाओं के खेल के विषय में कोई कम्परेटिव अध्ययन नहीं किया गया है। हमारा देश चीन से पहले आजाद हुआ था। आज चीन पूरे विश्व में खेल जगत में सबसे आगे जा रहा है और हमारे देश में एक भी सोने का मेडल दिखायी नहीं देता है। जब तक कम्पेरेटिव स्टडी नहीं होगी, तब तक कैसे पता लगेगा कि हमारे देश में क्या कमी है। स्पोर्ट्स

इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता पर विचार करते हुए अन्तराष्ट्रीय खेलों में भारत के कमजोर प्रदर्शन पर चिन्ता जताई गयी है। अगर हम ओलम्पिक खेलों में भारत के प्रदर्शन को देखें तो पिछले 100 सालों के इतिहास में हॉकी, एथलेटिक्स, बाक्सिंग, वेट लिफ्टिंग, शूटिंग खेलों के अलावा हमें कुछ हासिल नहीं हुआ है। 100 करोड़ की जनसंख्या को विश्व में एक स्वर्ण भी नहीं मिल पाता है। इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो खिलाड़ियों को उचित इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है और दूसरी ओर इंफ्रास्ट्रक्चर का उचित उपयोग करना जरूरी है। हमारा देश इन दोनों ही पहलुओं में उचित प्रबंधन करने में सफल नहीं हो पा रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी नहीं है, लेकिन उसका वितरण गलत है। जहां गांवों में उसका नितान्त अभाव है, वहीं शहरों और कस्बों में उसका प्रबंधन गलत है। कबड्डी, आर्चरी, खोखो जैसे खेलों के लिए भी इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। हमारे ग्रामीण और ट्राइबल एरियाज में प्रतिभा की कमी नहीं है परन्तु उनकी सुविधा नहीं मिलती है। रूरल स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए हमें जिलावार मैदान और स्टेडियम्स की आवश्यकता है। पंचायतों और जिला परिषदों को आर्थिक निर्णय लेने में सहायता देकर हम ग्रामीणी स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बना सकते हैं। स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर से सम्बंधित चार योजनाएं आयोग ने राज्यों को दे दी हैं। इससे भारत सरकार के खेल मंत्रालय को कुछ राहत मिल गयी होगी, लेकिन खेल को स्टेट सब्जेक्ट बताकर भारत सरकार अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती है। इस विषय को कन्करेन्ट लिस्ट में आना चाहिए जिससे दोनों की जिम्मेदारी बनेगी, पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार पर छोड़ने से काम नहीं

चलेगा। जो चार स्कीम्स राज्यों को दी गयी है, उनके बारे में भारत सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि इसके लिए राज्यों को विशेष आर्थिक सहायता देने की व्यवस्था बजट में हो। राज्यों की आर्थिक हालत केन्द्र सरकार से छिपी नहीं है। मुझे आशा है कि योजना आयोग राज्य की वार्षिक सहायता की इन स्कीमों पर आने वाले खर्च को ध्यान में रखेगा। मैं आशा करती हूँ कि आगामी बजट में इस पर ध्यान दिया जाएगा। संसद में बहस हो और बहस केवल कागजों पर रह जाए, मैं यह नहीं चाहती हूँ। पहले भी मैंने इस मुद्दे को कॉलिंग अटेंशन में उठाया था और तत्कालीन खेलमंत्री स्वर्गीय सुनील दत्त जी ने आश्वासन दिया था और यह उम्मीद थी कि आने वाले समय में बुनियादी ढांचा मजबूत हो जाएगा। मैं वर्तमान मंत्री जी से भी अनुरोध करूंगी कि स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर में स्टेडियम, मैदान, ट्रैक, स्वीमिंग पूल आदि सभी महत्वपूर्ण हैं। हमारे एथलीट्स की ट्रेनिंग के लिए अच्छे ट्रैक की व्यवस्था करना बहुत जरूरी है। फूटबाल, हॉकी आदि खेलों में अच्छे मैदानों की आवश्यकता होती है।

महोदय, कोच खिलाड़ी का मॉडल होता है। कोच की बुनियादी आवश्यकताएं पूरी करना जरूरी है। उनके लिए वेतन, छुट्टियों आदि की व्यवस्था को भी ध्यान में रखना पड़ेगा। कोच मानसिक तौर पर संतुष्ट रहेगा, तभी अच्छी ट्रेनिंग दे सकता है। इधर कुछ दिन पहले, जून-जुलाई 2005 में SAI में 736 कोचों के ट्रंसफर से खेल व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। उनके स्थानान्तरण को लेकर कई भ्रांतियां हैं। कोई कोच तो कई वर्षों से एक ही स्थान पर आसीन है तो कुछ को लगभग हर वर्ष एक जगह से दूसरी जगह भेज दिया जाता है, इससे उनका व

खिलाड़ियों का मनोबल गिरता है। हमारे यहां अच्छे कोच की कमी नहीं है, विदेशी कोच की व्यवस्था की गई है, ऐसा मानना है कि उनके आने से स्तर तो बढ़ा पर पिछले पांच-छः वर्षों में हम देखें कि हम अंतर्राष्ट्रीय मैडल से दूर रहे। उनके साथ खिलाड़ियों की भाषा संबंधी समस्याएं होती हैं। हमारे भारतीय कोचों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग देकर हम विदेशी कोचों पर होने वाले खर्च को बचा सकते हैं।

इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करते हुए कई पैंडिंग प्रोजेक्ट्स की बात आ जाती है। हमारे देश में अक्सर प्रोजेक्ट समय पर पूरे नहीं होते। इससे समय व धन दोनों की हानि तो होती ही है, साथ में इनका रेलेवेन्स भी समाप्त हो जाता है। शोरगुल मचाने पर पुराना प्रोजेक्ट तो पड़ा रह जाता है और नया प्रोजेक्ट या स्कीम चल पड़ती है। प्रोजेक्ट पूरा भी हो जाए तो उसका उपयोग नहीं हो पाता है। हमें समयबद्ध तरीके से अपने संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग करना नहीं आया है।

16.51 hrs. (Shri Varkala Radhakrishnan in the Chair)

इन सब तथ्यों का उल्लेख करते हुए मुझे इस बात की भी खुशी है कि आने वाले 2010 में हम कामनवैल्थ गेम्स आयोजित कर रहे हैं। भारत को मिलने वाले इस गौरव का श्रेय हमारी प्रतिभाओं को भी जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय ने भारत की प्रतिभा को ध्यान में रख कर हमें कामनवैल्थ गेम्स दिए हैं। इन गेम्स का होस्ट होने के नाते हम पर कई जिम्मेदारियां भी हैं। सबसे पहली जिम्मेदारी है इतने बड़े इवेंट को सफल बनाने की। गेम्स पर लगने वाला इंफ्रास्ट्रक्चर न काफी बड़ा होगा, बल्कि महंगा भी होगा। भारत सरकार भारत की जनता के सहयोग से

यह कार्य पूरा करेगी। दूसरी जिम्मेदारी यह है कि देश की प्रतिष्ठा होगी मैडल जीतना। हमें अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का पूरा मौका मिल रहा है। यह अवसर है जब प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य बनता है कि स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में सहयोग प्रदान करे। मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर का स्तर बढ़ाना भी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कामनवैल्थ गेम्स का इंफ्रास्ट्रक्चर तो 2010 तक तैयार हो पाएगा, उसके समानांतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करना होगा। हमें अपने खिलाड़ियों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए ज्यादा एजेंसीज नहीं बनानी चाहिए, इससे जिम्मेदारियां फिक्स करने में कठिनाइयां आती हैं। हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर इतना मजबूत हो कि 2012 के एशियाई गेम्स और 2016 के ओलम्पिक गेम्स भी मिलें।

खेलों के विषय में बात चल रही है और आजकल के पापुलर गेम क्रिकेट का जिक्र न करना गुस्ताखी होगी। क्रिकेट ने सबसे ज्यादा रोमांचित कर रखा है सारे देश को, हो क्यों नहीं आखिर बीसीसीआई खिलाड़ियों के लिए इतनी सुविधाएं जुटाता है। कम्पिटीशन इस खेल में बहुत अधिक है। एक-एक खिलाड़ी के लिए चार-चार प्रतिभाएं बाहर बैठी हैं, थोड़ी चूक हुई और हुए खेल से बाहर। सौरव गांगुली इस बार चूके नहीं, पर उन्हें भी बाहर होना पड़ा। यदि परफार्मेंस खराब हो तो कोई बात नहीं, पर पिछले मैच में गांगुली ने अच्छा प्रदर्शन किया था। देश में 80 प्रतिशत लोगों की राय में उनका टीम से बाहर होना गलत है, उन्हें अभी इस सीरिज में पूरा खेलने देना न्यायोचित था। उनके जैसा अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी इसके लिए डिजर्व करता है। अभी भी हमें उनसे उम्मीद है ।

यहां पर मैं यह भी कहना चाहूंगी कि यह तो क्रिकेट की बात है, लोग इसे जान गए, पर अन्य खेलों में तो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ अक्सर ऐसा होता रहता है। सिलेक्शन लेवल पर कई तरह की समस्याएं आती हैं। आखिरी वक्त तक सिलेक्शन का पता नहीं रहता। हम लोग भी जब खेलने जाते थे, तो जब तक हम प्लेन में नहीं बैठ जाते थे, हम सोचते थे कि पता नहीं हम टीम के साथ दौड़ पाएंगे या नहीं।

अन्य संबंधित कई बातें हैं जो खेलों को प्रभावित करती हैं। इनमें एक मुख्य बात फैडरेशन एसोसिएशन के विषय में कहना ठीक रहेगा कि इनके किसी-किसी फैडरेशन के जो सचिव हैं, उन्हें खेल के बारे में कोई रुचि नहीं होती, वह कोई खेल नहीं जानते कि खेल क्या होता है। एक-एक सचिव एक ही एसोसिएशन में 40 से 45 वर्षों तक बैठा रहता है। सरकार से जो पैसा पैडरेशन को मिलता है, मैं मंत्री जी को सुझाव देना चाहूंगी कि उसका लेखाजोखा होना चाहिए।

मैं कुछ सुझाव देना चाहती हूं। जिंदल जी ने जो सुझाव दिए खेलों के विकास के बारे में और इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में, मैं इसके लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं यह कहना चाहती हूं कि खेल के बाद खिलाड़ियों के लिए कोई निश्चित नौकरी नहीं है, वह होनी चाहिए, क्योंकि देखा गया है कि अगर कोई खिलाड़ी किसी खेल से हटता है तो उसे कहीं नौकरी नहीं मिलती। कई बार तो ऐसे भूतपूर्व खिलाड़ियों को भुखमरी का शिकार भी होना पड़ा है। इसके अलावा खिलाड़ी को खिलाड़ी के रूप में ही देखना चाहिए, जाति की दृष्टि से उसके साथ भेद नहीं करना चाहिए। बुनियादी ढांचे में प्रतिभाशाली खिलाड़ी को उन्नति का अवसर

मिलना चाहिए। अभी स्पोर्ट्स फैडरेशन की बात कही गयी। हमारे देश का पूरा बजट 5 लाख करोड़ रुपये का है, 18 हजार करोड़ रुपये एजुकेशन का है और स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री में पांच सौ करोड़ रुपया दिया गया है। मेरा कहना यह है कि बजट का केवल 0.5 प्रतिशत स्पोर्ट्स को देने से ही हमारा स्पोर्ट्स आगे बढ़ सकता है।

मैं उम्मीद करती हूं कि हमारा देश विश्व-पटल पर खेलों में सबसे आगे रहेगा। मेरा समय समाप्त हो रहा है।

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : सभापति जी, मैं सबसे पहले भाई जिंदल जी को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय को समझा और चर्चा के लिए नियम 193 के अंतर्गत इसे लाये हैं। साथ ही मैं माननीय स्पीकर साहब को भी बधाई देना चाहूंगा जिन्होंने प्राथमिकता के आधार पर इस विषय को आगे रखा। हमारे पूर्व वक्ताओं में माननीय विजय कुमार मल्होत्रा जी, श्रीमती ज्योतिर्मयी सिकदर व श्री नवीन जिंदल जी ने बहुत ही महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं और ये लोग भी खेलों से सीधे जुड़े हुए हैं। मैं अपने को, इनके सुझावों के साथ सम्बद्ध करता हूं।

हमारे खेलों का प्रभाव सीधा जनता के मन पर पड़ता है और इसका सीधा-सीधा रिश्ता देश की जनता के चरित्र और उसके मनोबल पर पड़ता है और खेल का रिश्ता सीधे जनता के मौरल बिल्डिंग से होता है। जो भी पैसा खेल-कूद पर खर्च किया जा रहा है वह पूरे राष्ट्र के चरित्र-निर्माण पर खर्च किया जा रहा है - मैं ऐसा समझता हूं। जो खर्चा भारत सरकार खेलकूद पर कर रही है वह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। जैसा कुछ वक्ताओं ने कहा कि मिनिमम रिक्वायरमेंट करीब दो-तीन हजार करोड़ रुपये की है, जिससे खेलकूद के माहौल को हम बना सकेंगे।

आजकल खेलकूद का संबंध नौजवानों से लिया जाता है लेकिन मैं समझता हूं कि खेलकूद हर आदमी के लिए जीवन को जीने का तरीका है। आज कहा जाता है कि पूरे धरती पर सबसे ज्यादा डायबिटीज और दिल के मरीज हिंदुस्तान में हैं। इसलिए हम खेलकूद को किसी भी हालत में नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। हमारे

लिए यह एक अपरिहार्य कार्यक्रम हो चुका है और आज आवश्यकता इस बात की है कि खेलकूद को बचपन से ही शिक्षा के कैरीकूलम के साथ जोड़ा जाना चाहिए।

खेलकूद का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे आदमी का चरित्र बनता है। हमारे देश में 40 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करते हैं। जो लोग खेती से जुड़े हुए हैं उनके सामने सबसे बड़ी समस्या व्यक्तित्व के विकास की है। वे अपनी सही बात को भी सही नहीं कह पाते। अगर हमारे पास एक बहुत ही विकसित खेल संस्कृति रही होती तो व्यक्तित्व के अभाव से हम मुक्ति पा सकते थे और हिंदुस्तान एक उन्नत राष्ट्र बन सकता था। इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता है।

एक जमाना था जब कहा जाता था कि " पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे होगे खराब"। लेकिन आज खेलकूद को महत्व मिलने लगा है।

17.00 hrs.

अब अच्छे कैरियर खेलकूद में निकल रहे हैं, लेकिन एक बड़ी दुखद सच्चाई भी है कि हमारे यहां जितने लोग टीवी पर बैठकर खेल देखते हैं या रेडियो पर सुनते हैं, उतने लोग खेलने के लिए नहीं जाते और अपने बच्चों को भी खेलने के लिए नहीं भेजते। यह एक दोहरा चरित्र है, जो हमारे सामने है। मुझे लगता है कि सदन में इस पर चर्चा हो रही है और मुझे विश्वास है कि पूरे हिंदुस्तान में लाखों, करोड़ों लोग इस बात को देख रहे हैं और कल अखबार के माध्यम से भी इस बात को जानेंगे। इस बात पर विरोधाभास सामने आ जाना चाहिये कि ऐसा क्यों होता है? क्रिकेट को एक नशे की तरह हम लोग देख रहे हैं, लेकिन अपने ही बच्चों को हम

खेलने नहीं भेजते हैं। कभी एक हफ्ते में एक बार मैदान में नहीं उतरते हैं। आखिर इसका क्या कारण है?

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI RAVI PRAKASH VERMA : Sir, I am concluding within a minute.

श्री रवि प्रकाश वर्मा : यह बहुत ही आवश्यक पहलू है। खेल बेसिकली ह्यूमन डेवलेपमेंट का प्रासेस है। आप खेलकूछ से केवल यह उम्मीद नहीं कर सकते कि आदमी का शारीरिक विकास होगा, बल्कि खेलकूद से ह्यूमन डेवलेपमेंट आस्पेक्ट्स जुड़े हुए हैं। मेरे पूर्ववर्ती वक्ताओं ने बहुत सी बातें कही, मैं उन्हें दोहराना नहीं चाहता, लेकिन अगर खेलकूद एलोकेशन बढ़ाए नहीं जाएंगे, तो खेलकूद में अच्छे कैरियर्स नहीं निकलेंगे। सच्चाई यह है कि हमारे पास अच्छे कोचेज का अभाव है, जैसा कि ज्योतिर्मय सिकदर साहिबा कह रही थीं कि हमारी स्थानीय भाषा को जानने वाले जो कोच हैं, जो अनुभवी कोच हैं, जो कम से कम हमारे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उनकी स्थानीय भाषा में सिखा सकते हैं, उनसे इंटरेक्ट कर सकते हैं, उनकी मजबूरियों को समझ सकते हैं, हमें ऐसे कोच चाहिए। चूंकि खेल को शिक्षा का अपरिहार्य अंग नहीं बनाया गया था, इसलिए आज जैसे व्यक्तित्व का विकास लोगों का हुआ है, वह अधूरा है। जो पढ़ने वाले लोग हैं, उनकी बौद्धिकता का विकास ज्यादा हो गया है, जो खेलने वाले लोग हैं, उनकी बाडी का एनर्जी डोमिनेट कर गया है, लेकिन एक सामान्य व्यक्तित्व के विकास में जो न्यूरो मस्क्युलर को-आर्डिनेशन चाहिए, जो मस्तिष्क और शरीर का तालमेल चाहिए, उसका हमारे हिंदुस्तान में बड़े स्तर पर अभाव है। मीडिया जिस तरह से क्रिकेट को वेटेज दे

रहा है या जो मंहगे स्पोर्टस हैं, कार रेसिंग को, एडवेंचर स्पोर्ट को, गोल्फ को, बिलियर्डस को तथा टेनिस को, मुझे लगता है कि उसमें खेलकूद का इंटरेस्ट कम है और सट्टेबाजी का इंटरेस्ट ज्यादा है। सच्चाई यह है कि बड़े पैमाने पर मीडिया के माध्यम से सट्टेबाजी हो रही है और इसने खेलकूद के माइंडसेट को डैमेज करने का काम किया है। मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार आने वाले वर्षों में, क्योंकि हम लोग कॉमन वेल्थ गेम्स की ओर जा रहे हैं, इस चीज को ध्यान में रखेगी कि खेलकूद को एक कैरियर की तरह, संस्कृति की तरह, एक लाइफ स्टाइल की तरह हिंदुस्तान में लोग इसको स्वीकार करें।

MR. CHAIRMAN: Please conclude. There are about 20 speakers.

श्री रवि प्रकाश वर्मा : चाहे गरीब तबके के लोग हों, चाहे समृद्ध तबके के लोग हों, खेलकूद को एक संस्कृति बनकर हमारे सामने आना चाहिए। पैसे के डिस्बर्समेंट का जो मोड हैं, वह सिर्फ फेडरेशन द्वारा है, मैं आगाह करना चाहता हूं कि फेडरेशन की फंक्शनिंग बहुत डेमोक्रेटिक नहीं है। उस पर कुछ खास तबके के लोग हैं, जो डामिनेट करके बैठ जाते हैं, इसलिए फेडरेशन को ज्यादा ट्रंसपेरेंट और ज्यादा से ज्यादा डेमोक्रेटिक सेटअप बनाना चाहिए। मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं कि हम खुद खिलाड़ी रहे हैं। हम पिछले 30-35 सालों से टूर्नामेंट, राज्य स्तर पर गोला गोकलनाथ लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश में चला रहे हैं, लेकिन आज तक हम लोगों को एक पैसे का ग्रांट नहीं मिला। हम लोग 2-3 लाख रूपए एक साल में बच्चों की ट्रेनिंग के लिए, टूर्नामेंट कराने के लिए व्यय करते हैं, लेकिन आज तक हमें ग्रांट नहीं मिला।

MR. CHAIRMAN: Please conclude. Otherwise, we will not be able to finish this discussion today.

श्री रवि प्रकाश वर्मा : मेरा कहना है कि जिन स्कूलों में स्पोर्टस के टैलेंट को बढ़ाया जा रहा है, जहां पर एक्टिवली पर्टीसिपेशन किया जा रहा है, उनको भारत सरकार से सीधे ग्रांट का प्रावधान करना चाहिए। हमारे यहां इफ्रास्ट्रक्चर की कमी है, इसमें कोई शंका नहीं है। मैं समझता हूं कि आने वाले समय में भारत सरकार इस कमी को दूर करने का प्रयास करेगी। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि लखीमपुर खीरी में सूटिंग रेंज का निर्माण करने का प्रयास किया गया, उसमें सांसद निधि से मैंने कंट्रीब्यूशन भी किया, लेकिन आज तक वह अधूरी पड़ी है। मुझे मालूम है कि हमारे बहुत से सांसद भाई और बहन जिनकी खेलकूद में रूचि है और वह इसके इफ्रास्ट्रक्चर बिल्डिंग के लिए कुछ करना चाहते हैं, जिन खेल योजनाओं में एमपीज अपनी एमपीलैड्स से कंट्रीब्यूट कर रहे हैं, उनको प्राथमिकता के स्तर पर भारत सरकार सीधे-सीधे यहां से ग्रांट करें, मैं इस बात का अनुरोध करता हूं। जिंदल जी ने वाकई एक महत्वपूर्ण विषय उठाया है। मैं आशा करता हूं कि यह डिबेट यहीं नहीं रूकेगी, एक लंबे समय तक यह डिबेट पार्लियामेंट में ही नहीं हर गली, हर गांव और हर शहर में होनी चाहिए। नैशनल मोरल को ऊपर उठाने के लिए खेलकूद बहुत महत्वपूर्ण माध्यम रहे हैं। देशी और स्थानीय खेलों को भी उतना ही महत्व देना चाहिए, चाहे वह महत्व मीडिया, सरकार या पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से ही दिया जाए। हर जिले, हर तहसील में स्थायी तौर पर इफ्रास्ट्रक्चर क्रिएट होना चाहिए। हमारे गांव में अच्छे और

बेहतरीन टेलेंट्स हैं, लेकिन उन्हें सपोर्ट नहीं मिल रहा है इसलिए वे सामने नहीं आ पा रहे हैं। मैं अपनी बात इस आशा से खत्म कर रहा हूं कि सदन यह संकल्प करके उठेगा कि हम खिलाड़ियों का खयाल रखेंगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण सत्य है कि मेजर ध्यानचंद जैसे खिलाड़ी, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी थे लेकिन उन्हें अपने आखिरी दिन आर्थिक दुर्गति में बिताने पड़े। मैं आशा करता हूं कि ऐसे दिन किसी दूसरी खिलाड़ी को देखने को नहीं मिलेंगे।

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record. You go on like this.

(Interruptions) .*

MR. CHAIRMAN: I would like to inform the hon. Members that there are about 20 speakers who are waiting to speak on this issue. The issue is important. I do agree but the question is that time is limited and on no account, it can be extended.

. (*Interruptions*)

श्रीमती ज्योतिर्मयी सिकदर (कृषनगर) : सभापति महोदय, जब इस विषय पर चर्चा हो रही है तो इसे चलने दीजिए।

MR. CHAIRMAN: Now, the time allotted is up to 6 o'clock.

SHRI AJOY CHAKRABORTY (BASIRHAT): Sir, it is a very important subject.

MR. CHAIRMAN: Then, the Criminal Law (Amendment) Bill, 2005 is to be taken up. The House will adjourn sine die tomorrow. Time is very limited.

. (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Yesterday I sat up to 9.30 hours. None of you were here. I was here yesterday. Before that day, I sat up to 9 o'clock.

. (*Interruptions*)

* Not Recorded.

* SHRI PANNIAN RAVINDRAN (THIRUVANANTHAPURAM): Mr. Chairman, Sir, we are the second most populated country in the world. But in

sports we are very behind. In Olympics too our position is too backward. Once we had hockey as our pride. We were in a very advanced position in hockey in the world. In the Olympics the medal for hockey was in our hands for a long time. We had such great players like Dhyanchand. There were none in the world to offer any serious competition to us. But now in hockey we are very backward. It is true that we had made some progress for a brief period of time. But again we have gone back. What is our position in other games? Many small countries including Latin American countries spend a lot of money on sports. But is it not true that we are going backwards in that area?

The health of a country rests in its sports. India is a country with a population of over 100 crores .58 years have passed after the independence. We think about India when some international sports and games event takes place. We enquire whether India got any medal in such events. Usually the answer is in the negative. This is the case of all games. Among the developing countries we are the second progressing nation after China. We are competing with China in many fields. But in sports we are going backward. I feel that the reason for this phenomenon is the kind of neglect and lack of vision we exihibit in matters of sports. Because we do not have sufficient system to encourage and promote sports. In many places we do not have playgrounds . If we were to compete with world nations in games we require synthetic stadia. We do not have that facility in many places. The athletes from Kerala, like P.T Usha have played for the country and brought laurels to the country. Even such great athletes are practicing on sand tracks. They need synthetic tracks for their practice. There should be sufficient infrastructure for the proper training of our athletes.

* English Translation of the speech originally delivered in Malayalam.

We have an organisation called SAI in our country. There should be regional centres of SAI in all major places in the country. It is greatly required in Thiruvananthapuram. There are two sports schools in Kerala.

At Thiruvananthapuram and Kannur. There are around 500 students studying in these schools. These schools are under the Department of Education of the Kerala government. The girls students studying in these two schools under the Department of Education were earlier provided food by the Sports Council. Even that practice has been done away with recently. The sports Council does not have any schemes to promote and encourage the students hailing from rural areas. This is a pathetic situation.

School Games is going to take place at Thiruvananthapuram where more than 4000 students would participate. We should have a programme to find out the children with potential from this kind of events. These are the young talents who eventually grow into athletes and bring medals to the country. There should be an effort to identify them and promote their talents. But for that the government should take the initiative. There are many big companies and industrial firms in the country. They generally promote cricket and games like that. We do not gainsay the need to promote Cricket. It is a happy news that an hon. Member of this august House, Shri Sharad Pawar has become the President of BCCI. Shri Pawarji is working for the advancement of that game and we are happy about it. But what is the case of other games? The poor people who play other games are hardly sponsored by any big companies. They do not have money. And what is the plight of the players? When they retire from their games there is no provision for securing their future. There is no system to provide them employment. There is no system for supporting them after their retirement. Even the prize money that is given is less than 10 percent of the total amount they had to spend for the their training for 3 or 4 years. We have a duty to save our sports persons from this pathetic plight. There should be an attitude favourable to the creation of a system to help sports persons. What I would suggest is that a cess should be levied from big companies for the improvement of sports. The budgetary allocation for sports should be increased at least 10 times of the present rate. We should feel and understand that sports is an important activity. Unless we as a nation give sports

its due importance there is no future for sports in our country. There is no point in mentioning about football. We are extremely backward in this game. We have given up football and marching backwards in many other games. We have no system to facilitate the development of young talents in the fields of sports and games. We have no sufficient infrastructure for the training of players and sports persons. There should be a shift in our attitude towards sports. Sports should be given the attention it deserves. The government should take the initiative and should increase the allocation for sports.

Similiarly another important issue is related to the pension for players. There should be a system of pension for those who retire from sports. Now in certain places a meagre amount is given as pension. This should be improved. The players and sports persons can contribute their best if their future can be secured by way of pension. There are certain sports persons who got injured during sports meets . Some of them remain injured throughout their lives. There is absolutely no system to look after such injured sports persons.

So what I would like to say is that the central government should come forward with positive steps for the improvement of sports and give sports due importance and attention. SAI should start regional centres in all states. There should be a minimum amount fixed for sports in the budget. There is an institution called Lakshmibhai National Institute for Physical Education(LNPE). This institute should be established in states like West Bengal, Kerala, Maharashtra, Manipur etc.These are the states who contribute the majority athletes. In such states facilities should be provided for better sports education.

Cricket is attracting a lot of sponsors. That is a game which earns a lot of income. A portion of the cricket's income should be given to those poor games which are generally neglected. It will be a good idea if a rich and successful game like cricket can provide a helping hand to other sister games which are in a poor shape. If people like Pawarji can do something to make this possible it will be a great help to many other games. So my final appeal to the government is that the

government should take more interest in sports. Before the honourable chairman asks me to wind up I am concluding by saying that the government should start considering sports as an important national activity.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि आपने मुझे माननीय सांसद श्री नवीन जिन्दल एवं श्री बसुदेव आचार्य द्वारा लाये गये नियम 193 के अंतर्गत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया है। खेल दुनिया के इतिहास में मानव ही नहीं जानवरों की जिंदगी का भी अभिन्न अंग रहे हैं। यह मानव की संस्कृति, मनोरंजन और स्वास्थ्य के साथ-साथ व्यक्तित्व को भी समृद्ध करते रहे हैं। ये राष्ट्रीय सम्मान बढ़ाने के साथ-साथ दो देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध और व्यापार को बढ़ावा देते हैं। इतने बहुआयामी प्रभावों को रखने के बावजूद खेल सरकार के कार्यक्रमों में अंतिम पायदान पर खड़े हैं। इस क्षेत्र में सरकार की ओर से बहुत कम एलोकेशन दिया जाता है, यह परम्परा रही है। इस संबंध में मल्होत्रा साहब ने बहुत सी बातें कही हैं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के छः वर्षों के शासनकाल में भी खेलों के क्षेत्र में विशेष कुछ नहीं किया गया, जिसे लेकर वह अपनी पीठ थपथपा रहे हैं।

सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि इस देश में विकसित खेल संस्कृति पश्चिम बंगाल को छोड़कर शायद ही किसी राज्य में है। आज इसे खड़ा करने की आवश्यकता है। गांवों और गलियों से ही हमारी बहन, श्रीमती सिकदर, संसद सदस्य निकल कर खेल क्षेत्र में शिखर तक पहुंची और उन्होंने एशियन

गेम्स में गोल्ड मैडल जीता। उन्होंने बहुत दिलेरी से अंदर की बातों को यहां कहा। मैं बताना चाहता हूं कि आज गांवों और गलियों में जाकर टेलेन्ट सर्च प्रोग्राम ऑर्गेनाइज किये जाने चाहिए। जहां इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं हैं, वहां भी टेलेन्ट भरा पड़ा है, बस उन्हें थोड़ा गाइड करने की जरूरत है। मैं समझता हूं कि इससे कभी-कभी जो स्टैगनेन्स वाली स्थिति आ जाती है, वह नहीं आयेगी। पुराने समय में जो परम्परागत ढंग से कहा जाता था - "पढ़ोगे, लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे, कूदोगे तो बनोगे खराब" यह दोहा आज भी देहातों और कस्बों में लागू हैं। आज भी गांवों के लोग खेलों के प्रति बहुत जागरूक नहीं हैं। इसके लिए प्रचार-प्रसार करना, गांवों तक इसका संदेश पहुंचाना और उनमें एक अराउजल पैदा करने की आवश्यकता है। खेलों की राष्ट्रीय नीतियों मे व्यावहारिक स्तर पर कमियां रही हैं। हमारे दृष्टिकोण से इस में जो खामियां रही हैं, उन्हें मैं सदन के समक्ष रखना चाहता हूं। मैं माननीय मंत्री जी और उनकी एनथुजियास्टिक अप्रोच को बहुत पहले से जानता हूं। इस दिशा में बहुत कुछ किया जा सकता है। रेवेन्यु कमाने वाले खेलों के प्रचार-प्रसार और उनके प्रशिक्षण पर आज अधिक खर्च हो रहा है। लेकिन खेल ऐसी चीज नहीं है कि जिसे आप मार्केट में बेचें, जहां से ज्यादा रेवेन्यू आये, सिर्फ उसे बढ़ावा दिया जाए, यह तर्क खेलों के क्षेत्र में लागू होना चाहिए। खेलों के क्षेत्र में होमोजिनिटी होनी चाहिए तथा जिन कन्वेंशनल और ट्रेडीशनल खेलों का गांवों और गलियों से लोप हो रहा है, उन्हें एनकरेज किया जाना चाहिए। उनके एनकरेजमैन्ट के उपाय सरकार द्वारा किये जाने चाहिए। जिन पारम्परिक खेलों का लोप हो रहा है, उन्हें प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। जैसा मेरे से पूर्व वक्ता ने

कहा कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में खेलों की शिक्षा और प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए। खेलों के शिक्षक बहाल होने चाहिए। खेलों को ऑप्शनल सब्जैक्ट नहीं रहने दिया जाना चाहिए। मैं कहना चाहता हूं कि उत्कृष्ट खेलों को बड़ी कंपनियों के स्पॉन्सरशिप के भरोसे छोड़ना न्यायोचित नहीं होगा। इसलिए इन्हें सरकार आगे बढ़ाये तथा खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्तर से जो कुछ किया जा सकता है, वह जरूर किया जाना चाहिए। खेल नीतियों को बनाने और उनके संशोधन में पर्याप्त परामर्श लेना तथा परामर्शदात्री समिति बनाना, क्षेत्रवार, खेलवार स्पोर्ट्स पर्सन्स की हिस्सेदारी होनी चाहिए।

महोदय, खेलों की एसोसिएशंस के बारे में मेरे से पूर्व वक्ता ने बताया कि उनमें जो सैक्रेटरी होते हैं, वे 15-15, 20-20 साल तक एक जगह जमे रहते हैं। जिन कारणों से सरकारी अधिकारियों का स्थानान्तरण किया जाता है, उन्हीं कारणों से इस क्षेत्र में भी स्थानान्तरण किये जाने चाहिए। स्पोर्टस एसोसिएशंस में खिलाड़ियों की हिस्सेदारी होना चाहिए। अधिकांश एसोसिएशंस में खिलाड़ियों की हिस्सेदारी की संख्या नगण्य है। इसलिए हम चाहते हैं कि जमीनी स्तर पर खेलकूद के प्रोत्साहन के जो उपाय हैं, उसमें पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से भी उन्हें स्वतंत्रता मिलनी चाहिए और उन्हें पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करानी चाहिए। गांवों के स्तर पर खेलों के क्षेत्र में बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होना चाहिए। अंत में मैं कहना चाहता हूं कि बिहार जैसे दर्जनों राज्य देश में हैं जहां इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। मैं उत्तर पूर्वी राज्यों के आंकड़े देख रहा था। मैंने देखा कि राष्ट्रीय सहायता के रूप में खेलों के क्षेत्र में जो राशि दी जाती रही है,

वह नगण्य है। पिछले आठ-दस वर्षों के आंकड़े मैंने देखे हैं। बिहार और ऐसे राज्यों में, जिनको द्रोणाचार्य की खोज है, द्रोणाचार्य नहीं मिल पा रहे हैं, वहां अर्जुन भील शिष्यों की ज़िन्दगी जी रहे हैं। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इस ओर ध्यान दें और अनडिसकवर्ड क्षेत्रों को डिसकवर करके खेलों में आगे जाने का प्रयास करें जिससे राष्ट्रीय उन्नति में उनकी भागीदारी हो।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया।

SHRI A. KRISHNASWAMY (SRIPERUMBUDUR): Thank you, Sir, for giving me this opportunity to speak on the discussion under rule 193 regarding the need to develop sports infrastructure in the country keeping in view the forthcoming sports events, brought up by my friend, Mr. Naveen Jindal.

I really thank Mr. Naveen Jindal who has taken the initiative to bring up this discussion under rule 193. This is a very important time to discuss about sports. We are spending a lot of time discussing various developmental activities. We are utilising the time of our Parliament to discuss various subjects. It is important also to discuss the development of sports infrastructure.

Development of sports infrastructure is important to develop human resources. Good infrastructure for sports would lead to production of good sportsmen. We say, 'health is wealth'. We are running towards wealth but losing our health. So, what is the use of running towards wealth? In India, we see most of our people suffering from diabetics, blood pressure and other diseases because people do not have enough physical activities. Even a sportsman who indulges in physical activities maintains his health in a very good condition only in his young age. After crossing middle age, he drops his sports activities and becomes a

patient. So, this is the time to discuss sports and development of sports infrastructure.

India is very well known for its human resources all over the world. India is focussing on developing its human resources in the fields of information technology, automobile engineering, etc. Our country is booming now. The entire world is dependent on Indian labour because of our sincerity, honesty and the knowledge base of our human resource. So, why are we lagging behind in sports?

When compared to other Asian countries, India is lagging behind in sports. I am speaking on this subject because I am a sportsman. When I was doing my school education, when I was in higher secondary, believe me, I was a body builder. Then, I used to lift weights because adjacent to my school there was a very good sports complex with all the facilities for weightlifting, gymnasium, etc. I used to practice there for two years continuously and I became 'Mr. Madras' in 1984. In 1986, I obtained the third position in the State. After I finished my schooling, I did not get good infrastructure to practice weightlifting and so I stopped my sports activities and left them. I may never become a good sportsman again.

In the first level, it is the infrastructure that attracts everybody to participate in sports at a young age. If the infrastructure is good, everybody would like to be a sportsman. Since the sportsmen pay special attention to their physical fitness, they attract the attention of everyone. That is the reason why we can see that a player like Tendulkar attracts the attention of almost 100 crore people; even Dhanraj Pillai also attracts the attention of the people. I am a fan of Dhanraj Pillai. Two years back, I have conducted one national level hockey match in Chennai in Radhakrishnan Stadium, your namesake, which is a very fantastic stadium. In that Stadium, there is a synthetic track to play hockey. In my childhood, I used to play hockey in the by-lanes. The surface of these by-lanes used to be very rough. When we used to play hockey on such surfaces, we used to get a lot of injuries. A player like Dhanraj Pillai, at this stage, could afford to play hockey on synthetic tracks,

but what about the village people or those people who are living in the urban areas, but who do not get the opportunity to play on good tracks?

While giving the approval for new constructions, we ensure that sufficient space is kept aside for park, playground and everything else. After that, when the area develops, we find the encroachers occupying those playgrounds and parks. We are saying here that we do not have proper infrastructure. When we do not have open spaces, how do we develop sports in this country? Wherever you have modern infrastructure, you will find that it is being utilised by top-class sportsmen or by those who are in high position. But what about a boy or a girl who wants to turn himself or herself into a good sportsman or sportswoman? They cannot enjoy those facilities.

Therefore, I urge upon the Government to develop the sports infrastructure in each and every village, at least, in the district headquarters. By constructing sports complexes, they can develop sports. In Tamil Nadu, there is a branch of the Sports Authority of India; in all the States, they have branches. I want to know as to what they are doing for sports development. They are spending lakhs and lakhs of rupees, but to what extent it has helped in developing sports. What are all the sports/games which they have developed? What kind of training are they giving to the football and hockey players? Of course, cricket has grown into a big game in our country because it has lakhs and lakhs of fans. But how could a single game grow at the cost of other games?

Games like body-building, in which I have trained myself, weightlifting, power-lifting and Kabadi are the games which are played in the rural areas; they are played by people who are downtrodden. These are the games which are played in the villages; these are the games of the poor people or the games of the neglected people.

Even in sports, there are two kinds of sports: some sports are played by rich people and some sports are played by the poor people. Games like tennis and cricket are rich people's games, and games like body-building, weightlifting,

Kabadi are poor people's games. This kind of discrimination is there in the sports. How can we allow it?

Yesterday, Sir, we had a division on the issue of providing reservations in private institutions. I urge upon this Government to provide a kind of reservation while allocating funds to these games. They are poor people's games and, therefore, there should be some sort of reservation in fund allocation. I want to know from the Government as to what is our budget allocation for sports. We always talk about budgetary allocation for Railways, Defence and other things, but what about budgetary allocation for sports? In Asian countries, India is a fast growing country. But, if we fail to develop sports, we will be the losers of the human resource. So, while developing in the technical and other fields, we should also have to grow in sports also. Then only, there will be an equally balanced growth, otherwise, there will be deficit in sports and human resources will go down. I ask the Government to increase more Budget on this.

The NDA Government had sanctioned a Sports Academy in the State of Tamil Nadu. Till today, that has not been started. When Shri Radhakrishnan was the Minister of Sports in the NDA Government, he had sanctioned one Sports Academy in Tamil Nadu. I would like to know from the hon. Minister why it has not been started till today. When a Sports Academy has been sanctioned, it should not be delayed. It should be immediately looked into by the Minister.

My last suggestion is this. I have been a Member of Parliament for the past two years. I, myself, am a sportsman. I do not know who is the Sports Minister. Sportsmen can easily attract anyone. Everybody knows Tendulkar; everybody knows Dhanraj Pillai. Like that, the Sports Minister should also be a known figure, a popular figure. If any sports man is nominated as the Sports Minister, he will be very much interested in developing sports. We have Shri Naveen Jindal with us. I may suggest that Shrimati Soniaji can put him as the Sports Minister. Then the sports will develop in our country.

श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु (राजापुर) : महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने ऐसे विषय पर हम सब को चर्चा करने का मौका दिया है। हमारे मित्र श्री नवीन जिन्दल जी और श्री बसुदेव आचार्य जी को भी धन्यवाद देने की जरूरत है, लेकिन शायद उनकी चर्चा करने का मकसद यह है कि हमारे देश में जो कुछ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्सव होने वाले हैं, उसके सिलसिले में हमारे पास इफ्रास्ट्रक्चर क्यों नहीं है, इसके बारे में इस तरह का प्रस्ताव उन्होंने रखा है, लेकिन मैं चाहता हूं कि ऐसे विषय पर ऐसी चर्चा हो ताकि हमारे देश में रहने वाले नौजवान युवक एवं युवती, दोनों को इस तरह का मौका मिले ताकि पूरे विश्व में हमारे देश का झंडा वहां फैलाने का भी एक बहुत बड़ा श्रेय उन्हें प्राप्त हो। इसलिए हमारे देश की सरकार को इस तरह की फैसिलिटीज़ बढ़ाने के लिए, इस तरह का इफ्रास्ट्रक्चर क्रियेट करने की जरूरत है, इसके ऊपर शायद चर्चा करने की जरूरत है।

महोदय, दुर्भाग्य से यदि हमारे देश में स्पोर्ट्स, खेल-कूद का मामला आता है तो हम उसे शायद क्रिकेट तक ही सीमित रखते हैं। उसमें कोई समस्या आती है तो शायद देश के लोग मानते हैं कि स्पोर्ट्स के ऊपर कोई समस्या आ गई। गांगुली को टीम में नहीं लिया गया तो देश के ऊपर बहुत बड़ा संकट आ गया है। शायद देश डूबने की स्थिति में आ गया है, उसे किस तरह से बचाया जाए। इस तरह की चिन्ता हम लोग करते हैं, मैं मानता हूं कि इसके लिए सभी को चिन्ता करनी चाहिए। हमारे देश की आबादी सौ करोड़ की है, उन्हें यदि ठीक तरह से विकसित करना है, उनके बारे में सोचना है तो उसमें जो अलग अंग है, खेल-कूद

भी उसमें बहुत बड़ा अहम् अंग है, उसे यदि डेवलप करेंगे तो मैं मानता हूं कि हमारे देश में रहने वाली आबादी भी ठीक तरह से आगे आएगी। पूरे विश्व में जो भी इंटरनेशनल इवेंट्स होते हैं, हमारा देश ऐसा है जिसकी सौ करोड़ की आबादी है, उसमें हमेशा पार्टीसिपेट करता है, कोई भी इवेंट्स नहीं, जहां यह पार्टिसिपेट नहीं करता, लेकिन जब वापस आते हैं तो आने के बाद हम देखते हैं कि शायद कस्टम वालों को भी कोई तकलीफ नहीं, क्योंकि कस्टम वाले पूछेंगे, do you have anything to declare? There is no Gold Medal, no Silver Medal and no Bronze Medal. There is nothing to declare. इसके लिए कस्टम वालों को तकलीफ न हो, यह सोच कर हमारे स्पोर्ट्समैन विदेश में जाकर यदि खेलने की शुरुआत करेंगे तो शायद मैं मानता हूं कि कस्टम की चिन्ता उन्हें उतनी करने की जरूरत नहीं, कुछ लेकर आएं ताकि डिक्लेयर करें तो हमें भी अच्छा लगेगा और यह करने के लिए सरकार को काम करना चाहिए।

आपने कहा कि हमारे स्पोर्ट्स मिनिस्टर कौन हैं, उसका पता नहीं चलता। शायद जिस तरह म्युजिकल चेयर होती है, उसी तरह से हमारे देश में स्पोर्ट्स मिनिस्टर भी आज यह है, कल कोई अन्य है, उसके बाद वे चले जाते हैं। आज भी कौन है, मुझे मालूम नहीं है, क्योंकि स्पोर्ट्स मिनिस्टर को मैं देख नहीं पा रहा हूं। स्पोर्ट्स मिनिस्टर को अच्छी ट्रेनिंग मिले, इसके लिए म्युज़िकल चेयर का गैम खेलने के बाद उसे स्पोर्ट्स मिनिस्टर बनाया जाता होगा ।लेकिन आज वे यदि यहां उपस्थित होते तो मुझे जरूर लगता कि वे शायद हमारी बात को भी सुन पाते। मैंने जैसा कहा कि हमें ह्यूमन रिसोर्स डवलपमेंट की तरह इसको देखना

चाहिए। आप देखिये, हमारा पड़ोसी देश चीन है, उनकी हमसे 30 प्रतिशत आबादी ज्यादा है। वे पहले इण्टरनेशनल स्पोर्ट्स में आते ही नहीं थे, क्योंकि उन्होंने अपने आपको वहां से विथड्रा किया था। अब आ गये तो आज विश्व में कोई भी इवेंट होती है तो सबसे पहला एवार्ड उनको मिलता है। यह सिर्फ एक्सीडेंट से नहीं होता। सिर्फ चाइना को मिला, यू.एस.ए. को मिला, ये सभी सत्ताएं एक इकोनोमिक स्ट्रेंथ भी हैं। आप वहां जाकर उनकी एच.आर.डी. पालिसी देखेंगे तो आपको पता चलेगा कि पूरे ह्यूमन रिसोर्स की वे कोशिश करते हैं। उसमें स्पोर्ट्स भी अपने आप से उभर आता है, ऐसा मैं मानता हूं। सिर्फ स्पोर्ट्स को कंसेंट्रेट करके बात नहीं चलेगी। पूरी तरह से हमारे देश में रहने वाली 100 करोड़ की आबादी को किस तरह से विकसित किया जाये, उसके बारे में सोचने की जरूरत है।

कुछ लोग ऐसे हैं, जिनको स्पोर्ट्स में इण्टरैस्ट है। जैसे हमारे नवीन जिन्दल जी हैं, वे पार्लियामेंट में आते हैं तो पार्लियामेंट में भी स्पोर्टिंग प्रिट से बात करते हैं और बाहर जाते हैं तो उसमें पोलिटिक्स के बिना स्पोर्ट्स खेलते हैं। मैं मानता हूं कि इस तरह के लोगों को, जिनकी स्पोर्ट्स में रुचि है, स्पोर्ट्स को डवलप करना चाहिए, जिनकी रुचि नहीं है, उनको नहीं करना चाहिए। लेकिन इसकी बहुत जरूरत है। हमें स्पोर्ट्स को एक जीवन विद्या की तरह से देखना चाहिए। उसमें भी चिरातन-पुरातन हमारी जो संस्कृति है, इसके आधार पर जो हमारे स्पोर्ट्स हैं, उन स्पोर्ट्स को डवलप करना चाहिए। सिर्फ क्रिकेट को ही स्पोर्ट्स बनाकर हमारा काम नहीं चलेगा। जैसे कबड्डी की उन्होंने बात की, खोखो की उन्होंने बात की, ऐसे अलग-अलग हमारे देश में पैदा हुए खेल हैं, उनको भी

विकसित करना चाहिए। इसमें एक ही डर है कि जो स्पोर्ट्स हमारे देश में विकसित होते हैं, उनको डवलप करते हैं, जैसे हाकी की बात की तो जब इंडियन स्पोर्ट जब इण्टरनेशनल बन जाता है तो हमें मैडल मिलना खत्म हो जाता है और बाकी में यूरोपियन लोग आज डोमिनेट कर रहे हैं। इण्डिया में एमीनेट हुए चैस में भी ऐसा ही है, शतरंज की शुरूआत हमारे देश में हुई, लेकिन आज उसका गोल्ड मेडल अभी हमारे आनन्द को मिला, नहीं तो हमें कभी नहीं मिलता था। इसलिए मैं मानता हूं कि इंडियन स्पोर्ट्स को इस तरह से डवलप करना चाहिए कि हमारी इंटीग्रेटिड वे ऑफ लाइफ में उसको आने की जरूरत है और वे ऐसा करेंगे, ऐसा मैं मानता हूं।

सिर्फ स्पोर्ट्स डवलप करने से स्पोर्ट्समैन डवलप नहीं होंगे, एक स्पोर्टिंग प्रिट भी देश में डवलप होगी, जिसकी जरूरत है, क्योंकि आज जो तनाव समाज में हम देख रहे हैं, वह भी स्पोर्ट्स डवलप करने से कम होगा। एड्स के बारे में जैसे हमारे आज के युवा स्पोर्ट्स मंत्री हैं, वे एड्स में ज्यादा रुचि लेते हैं, मैं उसके लिए उनको धन्यवाद देता हूं। यदि आप स्पोर्ट्स डवलप करेंगे तो शायद एड्स की समस्या का हल होने में काफी कामयाबी मिलेगी, क्योंकि लोगों का ध्यान एक अच्छे इश्यू के ऊपर आकर्षित होगा ताकि उसके लिए बन जाये। स्पोर्ट्स का इफ्रास्ट्रक्चर किस तरह से डवलप हो, इसके बारे में हम लोग चर्चा कर रहे हैं। यह जिम्मेदारी हमारी सरकार की है। सरकार सिर्फ लैक्चर दे कि स्पोर्ट्स तैयार होने चाहिए तो तैयार नहीं होंगे। यह तो सब हम रोज लैक्चर दे सकते हैं कि स्पोर्ट्समैन होने की जरूरत है, स्पोर्ट्समैन प्रिट डवलप होने की जरूरत है, लेकिन

जब तक इफ्रास्ट्रक्चर ऑफ दि ग्राउण्ड तैयार नहीं होगा, तब तक यह बात नहीं बनेगी।

उसकी शुरूआत हमें गांव से करनी चाहिए। हमने देखा है कि हमारे देश में हमारे पास जो हमारे शैडयूल्ड ट्राइब्स हैं, उन लोगों को यदि हम एथलेटिक्स की ट्रेनिंग में जाएंगे तो उनके पास नैचुरल स्टिंक्ट है, दौड़ने की उनकी ताकत है। ठीक तरह से अपनी जीवन पद्धति में वे इस तरह का प्रयास करते हैं तो यदि हमारे शैडयूल्ड ट्राइब्स के लोग अच्छी तरह से एथलीट बन सकते हैं। हमारे जो फिशरमैन लोग हैं, जो हमारी कोस्टल लाइन पर रहते हैं, उनको हम एक्वेटिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग अच्छी तरह से देंगे तो ऑटोमेटिकली वे बन जाएंगे। लेकिन उनके पास क्या नहीं है। उनके पास इफ्रास्ट्रक्चर नहीं है, जो गांव-गांव में बनाने की जिम्मेदारी हमारी सरकार की होगी। हम यहां एक स्टेडियम दिल्ली में बनाएंगे, मुम्बई में बनाएंगे, कलकत्ता में बनाएंगे, चेन्नई में बनाएंगे तो इसका समाधान नहीं होगा, इसीलिए हर गांव में किस तरह से इफ्रास्ट्रक्चर बने, उसकी चिन्ता सरकार को करनी चाहिए और उसको लेकर ही काम करना चाहिए।

सभी गांवों में भी स्पोर्ट्स खेलने की जरूरत नहीं है। कुछ गांव के लोगों की जो रुचि है, उसमें खेलेंगे। हर डिस्ट्रिक्ट को किसी स्पोर्ट्स में एक स्पेशलाइज्ड डिस्ट्रिक्ट बनाना चाहिए। जिस डिस्ट्रिक्ट से मैं चुनकर आता हूं, सिन्धूदुर्ग मेरा चुनाव क्षेत्र है, वह कोस्टल लाइन पर है तो हम उसको सही माने में अच्छी तरह से एक्वेटिक स्पोर्ट्स में ला सकते हैं। स्पोर्ट्स के साथ हम जो भी इफ्रास्ट्रक्चर की बात करते हैं, Administration of sports is also very important. हमने देखा है कि

international events also. We have to blame ourselves for this condition. Infact, There is a cleavage in our sports areana. We have created two groups. One set of sports like Tennis, Golf and Cricket are for the rich people.

*English Translation of the speech originally delivered in Kannada.

The common people, poor and the rural people have to be satisfied with their games like kabaddi, Volley ball, Sofe-ball, Throw-ball, Kho-kho etc. The rural children and children hailing from hilly areas like Chamarajanagara can excel in kabaddi and kho-kho. But who is their to encourage these games? Some times I feel that after a few decades we may forget all the games and remember only cricket.

Today China is challenging the entire world in sports activities. They are the hosts of 2008 Olympics. They are going ahead with the determination of claiming the top position in field events, track events and all their games, what is the position of our country in this coming 2008 Olympics? Can we get a single gold medal? How are the preparations going on? It is high time for us to awake and arise. The Sates and the Centre should realise the urgency and take all measures to lead our country into a new era of glorious sports activities.

I am a sportsperson. I was a very good wrestler and a kabaddi player. I had the ambition of becoming a Police Officer. But where is the encouragement for a sports person? Hence, it is very essential to provide reservation for sports persons in all jobs, Scholarships and other incentives. There is no dearth of talents in the country. But there is dearth of infrastructural facility. The physically and mentally challenged children deserve their share in sports arena depending upon their capabilities. There is a need for the Centre and the States to uplift the sports in the country. Of course, the first step in this direction would be to root out politics from sports. Enough is enough let us not quarrel about one individual. Our sportspersons should play for the country and not as an individual. Our country is more important than one State.

Women sportsperson should be provided special incentives along with scholarships, quota reservations etc. We have the results before us in the form of Anju Bobby George, Sania Mirza, Aparana Poppat and others. Now, the need of the hour is the will power of the Centre.

I hope the Government of India will rise to the occasion and do the needful to improve the standards of sports activities in the country. Sir, with these words I thank you and conclude my speech.

***डा. रामकृष्ण कुसमरिया (खजुराहो) :** महोदय, माननीय सदस्य श्री नवीन जिन्दल ने खेलों पर नियम 193 के तहत इस चर्चा को शुरू किया है, जिस पर आपने मुझे अपने विचार व्यक्त करने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

महोदय, हमारा देश गांवों बसा हुआ है। हमारा देश एक अरब की जनसंख्या का देश है। यहां नौजवान बहुसंख्यक हैं, यह एक नौजवान देश है, यदि ऐसा कहें तो कोई अतिशयोक्ति न होगी। किन्तु खेद की बात है कि हमारे खेल मात्र शहरों तक सीमित हैं या क्रिकेट तक सीमित हैं। अतः हमें खेल की सुविधाऐं गांवों तक बढ़ानी होंगी। ग्रामीण इलाकों की प्रतिभाओं को उभारने का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। उदाहरण के तौर पर मेरे संसदीय क्षेत्र खजुराहों में छतरपुर कॉलेज की टीम पूरे मध्य प्रदेश में से नेशनल में हॉकी खेलने के लिए चुनी गई है। कहने का तात्पर्य है कि प्रतिभाएं हर जगह मौजूद हैं, सिर्फ उन्हे मौका दिया जाना चाहिए। इसी के साथ क्रिकेट के अलावा, बास्केटबाल, फुटबाल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती एवं अन्य खेल भी खिलाड़ी की रुचि के अनुसार होने चाहिए और उन्हें उसकी कोचिंग मिलनी चाहिए। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में खेल कूद के लिए विशेष पैकेज देना चाहिए, क्योंकि मुझे मालूम है कि इन

संस्थाओं में धन का अभाव रहता है। इन विश्वविद्यालयों में विदेशों के अनुरूप कोई भी संस्थान नहीं है। खेल के मैदान और स्वीमिंग पूल की सुविधा नहीं है। दुखद बात तो यह है कि आज भी हमारी कोई खेल नीति नही है, इसी का परिणाम है कि हमारे खिलाड़ी विदेशों में खेलने तो जाते हैं, किन्तु खाली हाथ वापस आते हैं।

अतः जैसा कि मल्होत्रा जी ने कहा कि खेलों के लिए दो हजार करोड़ के बजट का प्रावधान होना चाहिए। देश के सम्पूर्ण ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में आधारभूत सुविधाएं जुटाने की आवश्यकता है। छोटे-छोटे देश ओलम्पिक में हम से अधिक मेडल प्राप्त कर लेते हैं। हम टैलेन्टिड खिलाड़ियों को कुछ सुविधाएं नहीं देते हैं। उनको बहुत कम भत्ता दिया जाता है, जो कि शर्मनाक है। 50 करोड़ युवकों में से मात्र 1700 खिलाड़ी चुने जाते हैं। यह संख्या बहुत कम है। एनएसडीएफ फण्ड कितना आता है और कहा जाता है कि कोचों की संख्या कम है, उसे भी बढ़ाने की आवश्यकता है। खेलों से संबंधित शैक्षणिक संस्थाएं बढ़ाने की आवश्यकता है एवं उनके लिए धन का प्रावधान करने की आवश्यकता है। भारत निर्माण योजना में ग्रामीण खेलों के लिए भी प्रावधान करना चाहिए।

*Speech was laid on the Table.

***श्री हंसराज जी.अहीर (चन्द्रपुर) :** महोदय, विश्व खेल मानचित्र में भारत के स्थान की चर्चा करें तो आज केवल क्रिकेट को छोड़कर कोई ऐसा खेल नहीं जिसमें हमें महारथ हासिल हो। एक जमाने में हाकी में महारथ रखने वाला भारत आज महारथी के बजाए क्वालीफाइंग मैंचों के लिए झगड़ता दिखायी देता है। पूरे भारत

में हर जगह केवल क्रिकेट की चर्चा तथा क्रिकेट खेल दिखायी पड़ता है। कहां गये हमारे कुश्ती, हाकी, कबड्डी के खिलाड़ी - एथलैटिक में हम बेहद कमजोर हैं। विश्व स्तरीय एथलीट निर्माण करने में हमारा अपयश ही इसकी वास्तविकता बयान करता है।

हमारे यहां खेल प्रतिभा को निखारने के लिए उचित सुविधा तथा अब संरचना उपलब्ध नहीं होना यह खेल की दुर्दशा का प्रमुख कारण है। खेल में भविष्य बनाना आज भी सपना है। अगर कोई लड़का या लड़की खेल में थोड़ी प्रतिभा दिखाती है, तो उसके परिजन, अभिभावक ही उसे पढ़ाई का वास्ता देकर उसकी खेल प्रतिभा पर कुठाराघात करते दिखायी देते हैं। यह वास्तविकता है कि खेल क्षेत्र को प्रतिष्ठा तथा अजीविका का पर्याप्त साधन बनाया गया तो देश में खेल प्रतिभा को निखारने तथा नयी खेल प्रतिभा निर्माण में सहायता प्राप्त होगी। हम देखते हैं कि अमेरिका हो या इंग्लैंड वहां पर स्कूली स्तर पर खेल को बढ़ावा दिया जाता है, खेल में रूचि रखने वालों के लिए सरकार खुद ही सुविधा तथा उनकी शिक्षा का इंतजाम करती है, लेकिन यहां पर खेल क्षेत्र में ऐसा दिखायी नहीं देता। अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपने आजीविका के लिए खेल क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को जीवन भर आजीविका के साधन उपलबध हो ऐसा प्रयास होना चाहिए।

हमारे यहां के वनवासी, आदिवासी दुर्गम क्षेत्र में रहने के कारण शारीरिक रूप से परिश्रमी होते हैं। उन्हें एथलैट में आगे लाया जा सकता है। बनवासी कल्याण आश्रम के अंतर्गत एकलव्य खेलकूद परियोजना द्वारा ऐसा प्रयास कई

जगह हो रहा है। धनुर्विद्या के लिम्बाराम ऐसी ही उपलब्धि है। केवल एक सानिया मिर्जा, एक पी.टी.ऊषा, एक मल्लेश्वरी या मिल्खा सिंह पर भारत की खेल प्रतिभा सिकुड़ जाती है। इसमें निरन्तरता लाने के लिए सरकार द्वारा ग्राम सार तक खेलकूद को बढ़ावा देना है। शालेय, स्कूली सार पर खेलकूद पाठय़क्रम में शमिल किया जाना चाहिए। ग्राम छोटे शहरों में मिनी स्टेडियम बनाकर कुश्ती, एथलैट्स का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए तथा इनको टी.वी. चैनलों पर प्रसारित कर खेलों को प्रतिष्ठित करने का प्रयास होगा तो ही अपने यहां के खेलों को प्रतिष्ठा तथा खिलाड़ियों को आजीविका का साधन उपलब्ध होगा।

*Speech was laid on the Table.

केवल क्रिकेट के लिए समर्पित रहने वाले चैनलों तथा अखबारों के खेल पृष्ठों पर अन्य भारतीय खेलों के साथ खिलाड़ियों को शोहरत मिले तो आगे चलकर खेल क्षेत्र में नयी प्रतिभाएं दिखायी देंगी।

क्रिकेट को प्रायोजित करने के लिए लगी होड़ को देखते हुए अब भारतीय खेल तथा अन्य खेलों को भी इन उद्योगों द्वारा प्रायोजित करके इसके विकास एवं उन्नति के लिए आर्थिक सहायता करने की भी जरूरत है।

क्रिकेट मे राज्य स्तर पर खेलने के बाद ही खिलाड़ी को बड़े उद्योग घराने, निम्न सरकारी प्रतिष्ठानों द्वारा बड़े वेतन की नौकरियां मिलती है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र से एक खिलाड़ी, जो कि भारत की तरफ से कबड्डी का अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला, लेकिन उसके पश्चात् उसे जिलाधिकारी कार्यालय में चपरासी की नौकरी मिली।

इससे क्या संदेश देंगे हम - मेरा निवेदन है कि कबड्डी के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को चपरासी और क्रिकेट के राज्य स्तरीय खिलाड़ी को मोटी नौकरी - यह भेदभाव खत्म होना चाहिए।

***श्री हरिभाऊ राठौड़ (यवतमाल) :** महोदय, भारत की आबादी 100 करोड़ से ज्यादा है। फिर भी जब ओलंपिक होता है, तो भारत का खिलाड़ी उसमें कहीं दिखाई नहीं देता। मेरा कहना यह है कि इतनी बड़ी आबादी के देश में उसके अनुरूप खिलाड़ी आगे आने चाहिए। लेकिन देखने को यह मिलता है कि हम खेलकूद में बहुत पीछे हैं। आज तक ग्रामीण क्षेत्र की ओर ध्यान नहीं दिया गया। केवल शहरों में खेलकूद के लिए इफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की ओर ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी का अगर सही मार्गदर्शन किया गया, तो वह भारत का नाम जरूर रोशन करेगा।

*Speech was laid on the Table.

***श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) :** महोदय, आपने खेलों के संबंध में अपनी बात रखने का जो अवसर प्रदान किया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। हमारे देश में प्राचीन समय से ही खेलों को महत्व दिया जाता रहा है। वास्तव में हमारे देश में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में विपुल संभावनाएं हैं जिनके मन में खेलने की इच्छा आती है किंतु उनके पास साधन नहीं जुटते हैं, जिस कारण उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल पाता है अन्यथा हमारे देश ने ही हाकी के क्षेत्र में मेजर ध्यानचंद सरीखे जादूगर को पैदा किया था जिनकी प्रतिभा को सारे विश्व ने स्वीकर किया था। हिटलर भी उनकी खेल प्रतिभा

से प्रभावित हुआ था। उड़न सिख मिल्खा सिंह ने दौड़ के क्षेत्र में ओलंपिक में भारत को गौरवान्वित किया था। साथ ही पी.टी.ऊषा ने दौड़ में उड़न परी के रूप में ओलंपिक में भारत का मान बढ़ाया था। यह सभी खेल प्रतिभाएं छोटे शहरों से, मध्यम वर्गीय परिवारों से आयीं थीं। खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए छोटे-छोटे शहरो में प्रशिक्षण संस्थाओं के माध्यम से सभी खेलों को बढ़ावा देना चाहिए। सिर्फ क्रिकेट ही नहीं हॉकी, कबड्डी, बालीवाल, फुटवाल, खो-खो, बास्कटबाल और टेनिस के खिलाड़ियों को खेल के अच्छे मैदान तथा आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए बजट में खेलों की आबंटन राशि को बढ़ाये बगैर यह कार्य नहीं हो सकता। आदिवासी अंचलों में अच्छे तीरंदाज ह,ं जो अर्जुन एवं एकलव्य के समान अच्छे निशानेबाज हो सकते हैं किंतु उनके पास खाने-पहनने की भी व्यवस्थाएं नहीं हैं। जसपाल राणा सरीखे अच्छे शूटर भी ग्रामीण अंचलों से मिल सकते हैं। केवल आवश्यकता है खेल के प्रति साधन उपलब्ध कराकर अच्छा वातावरण बनाने की।

*Speech was laid on the Table.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष महोदय, हम लोग ओवर टाइम में बैठकर बिल पास करवा रहे हैं। कम से कम भोजन का इंतजाम तो कराइए ?

अध्यक्ष महोदय : भोजन के लिए स्पीकर के पास तो कोई पैसा होता नहीं है। जिसके पास पैसा होता है, उसे बोलिए।

. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER : I am so happy that so many hon. Members have taken interest in this discussion. I have heard excellent speeches today. I have been hearing them because I like the matter. I am very much thankful to you. I am also very much encouraged to find that so many other hon. members wish to take part in the discussion and make their contributions. We have hardly discussed the subject.

Since the Bill has to be passed, we shall continue this discussion in the next Session and as early as possible.

. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Any hon. Member who wants to lay his speech on the Table of the House can do so.

श्री निखिल कुमार (औरंगाबाद, बिहार) : अध्यक्ष महोदय, हमें भी पांच मिनट बोलने का मौका दिया जाए।

MR. SPEAKER: You may take five minutes, but there are another 20 hon. Members who want to speak on this issue. How can it be over, Mr. Nikhil Kumar? You can participate in the discussion next time.

18.44 hrs

CRIMINAL LAW (AMENDMENT) BILL , 2005 .. Contd.

MR. SPEAKER: Now, we go back to Item 30. Mr. Jindal, you will get another turn. Shri Mahtab to continue his speech.

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): On the amendment to the Indian Penal Code, especially on the provision regarding witness turning hostile, I had posed an important query.

18.45 hrs. (Shri Devendra Prasad Yadav *in the Chair*)

The trial cannot proceed without evidence, without investigation into the aspect of inducement, when it comes to the knowledge of the court. My specific question is what steps are there to have investigation and, in such a case, should it be completed within a specific time-frame? There are three other provisions, but I

would like to know whether any provision for this purpose has been made in this Bill. To my comprehension, I do not find it because the idea is to minimise the court cases, when you are bringing in the third party into the purview. That is the main intention and that is a good intention. But here the law comes in between. My suggestion would be that some specific time-frame can be made so that we can quickly dispose of the issues, if it arises.

Now, I come to the second aspect of the Bill, about the plea-bargaining. I have said that it is not a new concept. In criminal jurisprudence in the world, it is not a new concept. It is prevalent in the United States, but for us, it is a new concept, no doubt. The Law Commission, in its 154th Report, had expressed its strong view to have this type of plea-bargaining. The Committee on Reforms on Criminal Justice System headed by Justice Malimath had recommended for introduction of plea-bargaining. It is not a replica, as the hon. Minister mentioned, of the system that is prevalent in the United States of America. Here, it is proposed in this Bill to involve the court as an adjudicator. I do not know whether in any other country the court has been involved as an adjudicator or not between the accused and the prosecutor by providing opportunity to them to decide the quantum of concession mutually and fix a date for hearing thereafter. It is stated in the Bill that the Court has to judge whether the application for plea-bargaining has been made voluntarily or not.

A problem arises from involving the court and the public prosecutor. Hypothetically, if I may say that the plea-bargaining fails, there is every possibility that the public prosecutor will take advantage of the information he had received while trying to arrive at a settlement. Legally, this is not correct.

As has been very adequately mentioned in different forums, even in the Standing Committee, in media and other spheres, unless there is an independent Directorate of Prosecution in place as a pre-requisite, this may go against the accused which will be termed as a bad law. Establishment of an independent Directorate of Prosecution was recommended by the Supreme Court in Vineet

Narayan case. Here, in this Bill, it has been mentioned in page 3. The Court shall issue notice. The Court shall ensure that the entire process is completed voluntarily. The Court shall issue notice again to the accused and the victim. All this burden is on the Court itself. We say that the Court is already burdened as a number of cases are pending. This is an extra work, non-judicial work or out of Court work. We are bringing in more job to the Court and the Court is burdened with more work. I am unable to understand this. The Court is already badly pressed. If you involve the Court, then I think, the Court will be more burdened if we adopt plea bargaining in this manner. Let us adopt the American system. What is the difficulty in having an out of Court settlement? Instead of involving the Court, I think, it is much better if we go in that process.

The third aspect is about compounding of offences under Section 498 of the IPC. This was intended to protect women from cruelty of husbands or his relatives with an attempt to provide a chance to the estranged spouse to come together. This is provided through this amendment. This was discussed earlier also in this House. I have no other opinion to this, and the National Commission for Women have said that it will dilute Section 498A. . (*Interruptions*)

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): It is not there in the Bill. That provision has been deleted in the Rajya Sabha and we have accepted the demand made by the Commission.

SHRI B. MAHTAB : I come to another aspect. These are mentioned when a point was made about going in a piecemeal manner. I would just like to draw the attention of the House, and through you, the attention of the hon. Minister towards Section 197 of the Cr.PC. As per this Section, prior sanction of the Government is required for prosecution of public servants. This provision makes a mockery of the ideal of the rule of law. Some people are totally protected unless permission is given, no action can be taken. No prosecution can take place. We know that a number of instances are there. A lot of time is taken. Sometimes no decision is taken to prosecute some public servants. At times, the Police arrests persons just

on the basis of an FIR. If somebody lodges an FIR, the Police goes and arrests the person. In our country, the provision is that a person accused is termed innocent until proved guilty. Why should we give blanket power to the Police to go and arrest the person just by having an FIR? In villages or in urban areas, when respected persons are apprehended, they are called to the police stations and arrested. Can some provision be made where this type of humiliation can be avoided? I also would insist that the Police should be made accountable for all its action.

I conclude with these words. I want to say that the rule of law demands, as I said earlier, independent police organisation. Independence of police administration is necessary.

Attempts should be made to achieve that goal. With these words, I conclude.

SHRI AJOY CHAKRABORTY (BASIRHAT): Thank you, Mr. Chairman. Due to time constraints, I will make a brief speech.

The hon. Minister has brought forward a Bill and placed it before this House for passing. Of course, I have no slightest doubt that we, the Members cutting across political parties, shall pass this Bill unanimously.

This Bill is brought forward with some aims and objects, and for very cogent reasons. The Statement of Objects and Reasons is very good. One of the objects for amending the IPC as well as the Cr.P.C. is quick disposal of cases. This is very good.

I want to say that our judicial system was introduced during British regime. We are following that old system and unless and until we totally change it, quick disposal of cases cannot be done. We are following the old system and this system takes a long time. A case is filed before some court and nobody knows when it will be disposed of. From the lower court, it goes to the District Court, from the District Court, it goes to the High Court and some cases go from the High Court to the Supreme Court. This is the judicial system of our country.

IPC was enacted at the time of the British. According to my information, Lord Macaulay has drafted this IPC. He covered all offences and all the crimes that a person can commit. He considered all the aspects of Indian livelihood, all the aspects of rural problems and all other things. But time is changing.

Earlier there was a provision in the IPC if a person is killed or murdered by a lethal weapon. But now, the character of crime has changed. So, we need to amend the IPC. A new provision has been substituted for Section 195 (a) of the IPC, regarding false evidence given in the court, or for inducement or threatening or if one is compelled to give false evidence.

MR. CHAIRMAN : Please conclude within a minute.

SHRI AJOY CHAKRABORTY : Who will threaten the witness or induce the witness or allure the witness? He will certainly be an influential man, who has money and muscle power in the locality.

19.00 hrs.

But this provision is relaxed. Presiding Officer of the Court can make the complaint and any competent person authorised by the Presiding Officer can lodge the complaint. My question is, who will take the evidence. If any witness gives false witness before the Court by inducement or threatening, who will collect the evidence? Will the complainant collect the evidence or the Presiding Officer as well as the complainant will give a direction to the police to collect evidence?

I think our Home Minister is a prudent, renowned lawyer also and knows better than me. I have a little experience as I was a practitioner in the Lower Court. They have practised in High Court and the Supreme Court. That is the difference. We know the basic problems involved in all these things. The Lower Court lawyers enter into cross examination but the lawyers of the Higher Courts do not enter into cross examination. So, we know the problems.

An FIR is lodged by somebody before the police station. As soon as the FIR is lodged, the case starts. After investigation, a chargesheet has been given before the Court for taking cognizance. The name of the witness in the charge

sheet is there. Some of the witnesses could not be traced out. Some come before the Court voluntarily saying that they do not know. But the intention of this law and the amendment is very good. It is acceptable.

Plea of bargaining is a good idea. This has already been introduced in some other countries. In this Bill, which has been brought forward by the hon. Home Minister, a provision has been made for the plea of bargaining.

सभापति महोदय : माननीय सदस्य कृपया बैठे-बैठे न बोलें।

...(<u>व्यवधान</u>)

SHRI AJOY CHAKRABORTY : I hope this good object will frustrate the lawyers also. They do not advise their clients to go before the Court and confess their guilt. It is a good object. In the villages of West Bengal there is a provision of *salishi*. Our opponent political Party and sometime the lawyers also created an uproar in West Bengal with regard to this. The lawyers will be the financial losers if this *salishi* Bill is introduced. This is some sort of a *salishi* Bill because parties come to a compromise and settle the matter outside the Court and then go to the Court for filing a petition that the matter is settled. This is a good idea and we welcome it. This amendment is a good idea. We welcome it. Everybody is supporting it. I also welcome the hon. Home Minister to have brought forward this Bill before the House for its approval.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : सभापति महोदय, मैं इस बिल के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह बिल सिर्फ कानूनी ही नहीं है बल्कि मैं इसे व्यावहारिक मानता हूं। गृह मंत्री जी, आप तो वैसे ही व्यावहारिक आदमी हैं। आपने इस बिल में लगभग तीन बिन्दुओं को टच किया है - एक बिन्दु है कि यदि

कोई साक्ष्य कहीं गलत बयान दे रहा है और उसकी प्रमाणिकता हो जाती है कि इसका बयान गलत हो रहा है जिससे मुदालत को सजा होने की संभावना है, तो आपके बिल में है कि उस पर भी सजा निर्धारित की जाएगी।

दूसरे इस बिल में आपने लिखा है कि यदि कोई साक्षी को धमकी देकर, डरा कर या प्रलोभन देकर साक्ष्य दिलवाना चाहे तो उस पर कार्रवाई की जायेगी। उसके लिए आपने सजा भी निर्धारित की है। तीसरा प्वाइंट यह है कि यदि किसी भी मामले में आदमी कप्रोमाइज करना चाहता है तो न्यायालय को आवेदन देकर वह कप्रोमाइज कर सकता है। यह बहुत ही अच्छी बात है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान दो-तीन बिन्दुओं की तरफ दिलाना चाहूंगा। मेरी समझ में दो-तीन बिन्दु ऐसे हैं जिन पर गृह मंत्री जी ने ध्यान नहीं दिया। अगर आपको लगे कि हमारी बातों में सच्चाई या दम है तो हम चाहेंगे कि आप इसे जरूर बिल में शामिल करें।

सभापति महोदय, जब मुकदमे होते हैं तो उसमें गवाही देने की एक परम्परा है। हमारा कहना है कि आप एक बार जेल में जाकर निरीक्षण करें। आप देखेंगे कि जेल में जितने दोषी हैं, उससे ज्यादा वहां निर्दोषों की संख्या होती है। इसका कारण यह है कि गांव में कटुतावश मुकदमे होते हैं। वे मुकदमे सत्य पर आधारित नहीं होते। अगर घटना सत्य होती है तो अभियुक्त का नाम गलत होता है। खासकर दो-तीन तरह के मुकदमे तो बिल्कुल ही असत्य हुआ करते हैं। उदाहरण के लिए हम आपको बताना चाहेंगे कि इस समय गांव और शहर में डॉवरी केस काफी चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कई बार कई तरह की

टिप्पणियां दी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सात वर्ष के अंदर अगर विवाहिता लड़की की मृत्यु होती है तो उस पर किसी साक्ष्य की जरूरत नहीं है। उसके पति को इस मुकदमे में दोषी मान लिया जायेगा।

माननीय मंत्री जी, हम आपको बताना चाहते हैं कि गरीब प्रांत के लोग दिल्ली, गुजरात, मुम्बई, कोलकाता जैसे शहरों में 1500, 2000 और 2500 में नौकरी करते हैं। जब किसी की शादी होती है तो दुल्हन अपने पति के साथ रहना चाहती है। वह चाहती है कि मैं भी मुम्बई और दिल्ली में अपने पति के साथ रहूं लेकिन साधन के अभाव में वह अपने पति के साथ नहीं रह पाती। अब लड़कियां सेंटीमेंटल होती है। दो-तीन महीने बीतने के बाद वह गुस्से में आकर सूसाइड कर लेती हैं। उसके बाद लड़की के घर वाले मुकदमा कर देते हैं कि लड़के वालों ने हमसे इतना दहेज मांगा था। हमने दहेज नहीं दिया इसलिए इन्होंने हमारी लड़की की हत्या कर दी। अब मुकदमे में पूरे परिवार का नाम आ जाता है। अगर उस परिवार मे कुंवारी लड़की है तो उसका नाम भी मुकदमे में आ जाता है। हमारे यहां का कानून भी इस तरह का है कि ऐसे केसों में जमानत होने की संभावना कम ही होती है। अब कुंवारी लड़की भी जेल में पड़ी रहती है क्योंकि उसकी भी जमानत नहीं होती। उच्च न्यायालय भी उसकी जमानत की अर्जी को खारिज कर देती है। इस तरह से यह गलत मुकदमे का आधार बनता है।

सभापति महोदय, हम आपसे कहना चाहते हैं कि एक तरफ हम भावना में बहकर कहते हैं कि हत्या हो रही है, तो इस पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए जबकि दूसरी तरफ हम जितने काले कानून बनाते हैं, उतना ही उनका दुरुपयोग

होता है। मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि अगर मुकदमे झूठी गवाही पर चल रहे हैं और उसमें किसी व्यक्ति को सजा हो जाती है तो यह उसके साथ भारी अन्याय होता है। इसी तरह धारा 302 या 307 की घटना में किसी व्यक्ति को गवाह का नाम नहीं मिलता और गांव मे किसी आदमी का कोई दुश्मन है, तो वह आदमी उनसे कहता है कि मै आपके पक्ष में गवाही दे दूंगा लेकिन फलां-फलां व्यक्ति का नाम भी आप इस केस में डाल दीजिए। इस तरह लोग गवाह बन जाते हैं और गवाही भी हो जाती है। न्यायालय से उस व्यक्ति को सजा भी हो जाती है जबकि घटना से उसका कोई ताल्लुक नहीं होता।

अब गांव में हरिजनों के संबंध में मुकदमा होता है। था। वैसे भी गांव में हरिजन के साथ किसी का विवाद कम ही होता है। आपसी तनाव, आपसी विवाद अधिकतर सम्पन्न लोगों में ही होता है। अब सम्पन्न लोग एक जाति में नहीं हैं, सभी जातियों में सम्पन्न लोग हैं। उनके यहां मजदूरी करने वाला हरिजन होता है। यदि उन लोगों में आपस में विवाद होता है तो वे उस हरिजन को लेकर मुकदमा करवा देते हैं और अपने दो लोगों को गवाह बनाकर गवाही भी दिलवा देते हैं। पुलिस चार्जशीट भी कर देती है। न्यायालय में जब वे लोग जाते हैं तो उनको सजा भी हो जाती है।

अब आपने इस बिल में कहा कि जबरन गवाही देने या गलत गवाही देने वाले को सजा होगी - हम आपसे निवेदन करना चाहेंगे कि इन्वेस्टीगेशन करने वाली एजेंसी जब मामले को इन्वेस्टीगेट करती है तो उसकी भूमिका पर भी

आपको गौर करना चाहिए। पुलिस के यहां कोई भी व्यक्ति लिखित बयान नहीं देता, बल्कि जुबानी बयान देता है।

जहां पुलिस जाती है, अगर कहीं किसी से प्रभावित हो गई और किसी का विरोध अगर उसे करना है, वह मानसिक रूप से तैयार हो गया, चाहे प्रभाव का जो भी कारण हो, इसमें हम नहीं कहते हैं कि पैसे की बदौलत यह हुआ है, प्रभाव कई कारणों से हो सकते हैं। किसी कारण से अगर पुलिस प्रभावित हो गई तो वह पूछता है कि आपके पक्ष में कौन-कौन से लोग हैं, उनके बाप का नाम पूछ लेता है, गांव पूछ लेता है और डायरी में वह लिख देता है कि हमने इनका बयान लिया। फिर वह अपने मन से बनाकर ऐसा बयान लिखेगा कि लगभग उसे सजा की तरफ ही बढ़ा देगा। इस तरह यदि आप यह कहते हैं कि गलत बयानी देने वालों पर कार्रवाई होगी, हम आपसे निवेदन करेंगे कि इंवेस्टीगेशन के समय जो पुलिस के पदाधिकारी इंवेस्टीगेशन करते हैं और किसी प्रभाव में प्रभावित होकर अगर गलत तरीके से डायरी में अंकित करते हैं जिसकी बदौलत किसी को सजा होने की संभावना होती है, उन पर आप क्या कार्रवाई करेंगे ? हम यह जानना चाहते हैं।

अब हम यह नहीं कहते है कि उन्हें आप जेल में भेज दीजिए। हम नहीं कहते हैं कि उन्हें आप बर्खास्त कर दीजिए। कम से कम थोड़ी भी सजा अगर आप निर्धारित करेंगे तो उन्हें भय होगा और वे गलती जानबूझकर नहीं करेंगे। कम से कम इतना कर दीजिए कि यदि वह दरोगा है तो उसे थानेदार बना

दीजिए, उसका डिमोशन कर दीजिए। कुछ-न-कुछ उनके लिए भी आप जरूर कुछ सजा निर्धारित कीजिए ताकि निष्पक्ष जांच हो सके।

हम दूसरी बात आपसे कहना चाहते हैं कि आपने गवाह के विषय में तो कह दिया है, लेकिन मुद्दई जो फर्जी बयान देता है, फर्जी बयान के आधार पर, साक्ष्य के आधार पर अगर न्यायालय से निर्णय होता है, अगर अभियुक्त रिहा हो जाता है जो पांच-दस साल तक कोर्ट का चक्कर लगाता रहता है, आप तो मानेंगे कि मुद्दई का बयान गलत था और साक्षी ने गवाही गलत दी थी। वैसी स्थिति में मुद्दई के लिए आपने कौन सा दंड निर्धारित किया है ? चूंकि मुद्दई को तो आप गवाह के रूप में नहीं लेते हैं, मुद्दई के लिए आपने इसमें कोई प्रक्रिया निर्धारित नहीं की है, इसलिए हम आपसे निवेदन करेंगे कि केस का इंवेस्टीगेशऱन करने वाला पदाधिकारी और गलत फर्जी बयान करने वाला व्यक्ति, इन दोनों पर आप इसमें सजा निर्धारित कीजिए कि अगर उनके गलत बयान पर किसी व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी होती है तो उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। आपने कहा है कि जब यह सामने आ जाएगा कि उन्होंने गवाही गलत दी है, हम आपको एक बात बताना चाहते हैं कि पहले न्यायालय में 164 का बयान मुद्दई के चाहने से हो जाता था, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने एक निर्णय दे दिया कि जब तक पुलिस नही चाहेगी, जब तक किसी व्यक्ति का 164 में किसी मुकदमे के संदर्भ में बयान दर्ज नहीं होगा, नहीं होता है तो आप कैसे तथ्यों पर निर्धारित करेंगे कि कौन व्यक्ति की गवाही गलत है और कौन व्यक्ति की गवाही सही है। चूंकि गवाही के समय एक ही स्टेज होती है कि जब सी.जी.एम. के यहां मुकदमा चलता है और

केस का कॉगनीजेंस ले लिया जाता है तो ट्रॉयल कोर्ट में उस मुकदमे को भेज दिया जाता है। ट्रॉयल कोर्ट में ही उसका साक्ष्य ले लिया जाता है और ट्रॉयल कोर्ट में चाहे सजा हो या रिहा हो, अगर उसे सजा हो गई और अपील में बड़ी अदालत में जाता है, उच्च न्यायालय में जाता है, सर्वोच्च न्यायालय मे जाता है तो वहां पर उसकी गवाही नहीं होती है। वहां जो निचली अदालत में गवाही हो जाती है, उसी गवाही के आधार पर, उन्हीं कागजातों के आधार पर ऊपर की अदालत में उसकी विवेचना की जाती है, निर्णय किया जाता है। इसलिए इसे आप अनिवार्य कर दें कि जब किसी केस में अगर पुलिस आरोप पत्र समर्पित करती है, तो मुद्दई का या साक्ष्य का बयान 164 में अनिवार्य करें। जब आप अनिवार्य करेंगे तब तो पता चलेगा कि मजिस्ट्रेट के सामने उसने क्या बयान दिया और ट्रॉयल कोर्ट के सामने उसने क्या बयान दिया। उन बयानों में अंतर है कि नहीं है। अगर आप अंतर नहीं समझ पाएंगे तो आप कैसे समझेंगे कि किसने गवाही सही दी है और किसने गवाही गलत दी है। गृह मंत्री जी, हकीकत यह है कि गांवों में अभी भी गरीब तबके के लोग हैं तो कोर्ट में वे पेसे के लिए भी गवाही देते हैं। इससे उनकी रोजी-रोटी भी चलती है। अगर ऐसे गवाह की गवाही से अगर किसी व्यक्ति को न्यायालय से सजा हो जाती है तो वैसी स्थिति में इससे ज्यादा और कोई दुखद घटना नहीं हो सकती। इसलिए इन सब चीजों पर आप विवेचना करें।

सभापति महोदय : कृपया अब आप समाप्त करिए।

श्री प्रभुनाथ सिंह : सभापति जी, हम अपनी बात एक-दो मिनट में ही समाप्त कर रहे हैं। हम आपको तथ्य बता रहे है कि और आपसे निवेदन करना चाहते हैं

कि इन सब बिन्दुओं पर आप गंभीरता से विचार करें। हम चाहेंगे कि किसी केस की जांच के पदाधिकारी, केस के मुद्दई और केस मे गलत गवाही देने वाले लोगों पर आप दंड की प्रक्रिया निर्धारित करें क्योंकि आपने साक्ष्य पर तो कर दी है लेकिन मुद्दई और जांच पदाधिकारी पर दंड की प्रक्रिया निर्धारित नहीं की है। अगर आप निर्धारित कर देंगे तो हम समझते हैं कि न्याय प्रक्रिया में सही न्याय पाने वाले लोगों को इससे सुविधा होगी। जहां तक आपने कहा कि न्यायालय में अगर आपसी विचार-विमर्श से निपटारा करना है तो जो आपने कहा है कि एफीडैविट के माध्यम से न्यायालय के सामने आप अपना आवेदन कर सकते हैं। हम मानते हैं कि आपने यह बड़ा सही कदम उठाया है। उससे एक परेशानी हल होने की भी संभावना है लेकिन एक दूसरी शंका बनी रहेगी।

शंका यह बनी रहेगी कि अगर कोई व्यक्ति न्यायालय में आवेदन करता है, उसके लिए दोनों पार्टीज की बात हो गयी हो और फिर वह पार्टी विपरीत उस बात के विपरीत चली जाए तो न्यायालय के मन में यह शंका होगी कि जानबूझकर दबाव देकर इस तरह का आवेदन दिलवाया गया है। इसलिए इस प्रक्रिया में एक छोटा सा वाक्य शामिल कर देना चाहिए कि जो भी आवेदन आए, वह दोनों के हस्ताक्षर से आए। इससे मैं समझता हूँ कि दोनों के हस्ताक्षर से आने पर इस तरह का कोई नया विवाद नहीं होगा। मुझे भरोसा है कि मैंने जो बातें कही हैं, उन पर आप गंभीरता से विचार करके जांच पदाधिकारी और मुद्दई, चूंकि आपने साक्षी के

लिए प्रावधान कर दिया है इसलिए मैं उसके लिए अलग से कुछ नहीं कहना चाहता हूँ, के लिए भी आप दण्ड निर्धारित करते हुए इस बिल को पारित करवाइए और हम तो इसको पारित करवाने के लिए पहले से ही खड़े हैं। मैं एक और निवेदन करना चाहता हूँ, हालांकि वह इस विषय से जुड़ा हुआ नहीं है।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य, आपका भाषण समाप्त हो गया है, अब आप अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

श्री प्रभुनाथ सिंह : महोदय, मैं एक पर्सनल बात कह रहा हूँ, आप भी सुन लीजिए, आपको भी अच्छा लगेगा।

हमने व्यक्तिगत रूप से मिलकर यह निवेदन किया था कि जब अगला सत्र आता है तो जो 16 करोड़ भोजपुरी लोग इस देश में रहते हैं, उनके लिए भोजपुरी वाला बिल लाएं। वे लोग आपकी ओर ध्यान लगाकर देख रहे हैं। उसके बाद हम आपको ले चलेंगे, माला वगैरह पहनाएंगे, इसलिए वह भी काम कर दीजिए। इस बिल को तो हम बिना वोट के पास करवाएंगे।

इसी के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : सभापति महोदय, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए मैं इस बिल के सम्बन्ध में कुछ क्लेरिफिकेशन्स चाहता हूँ ताकि जब यह विधि कार्यान्वित हो तो इसमें किसी तरह से अस्पष्टता न हो, जैसे आपने धारा 195 के दूसरे पार्ट में यह प्रावधान रखा है :

> "And if innocent person is convicted and sentenced in consequence of such false evidence, with death or imprisonment for more than seven years."

मैं इसके बारे में जानना चाहूंगा कि एक केस को डिसाइड करने में, दोषी को सजा दिलवाने में कम से कम पांच-छः साल लग जाते हैं। सजा हो गयी तो यह कहां से पता चलेगा कि यह स्टेटमेंट धमकी से या दबाव से दिलवाया गया है या नहीं?

दूसरी बात यह है कि मान लीजिए यह पता चल गया कि उसने जो गवाही दी है वह दबाव या अनुचित प्रभाव के अधीन दी है तो जो कन्विक्शन हुआ है, जो सेन्टेंस दिया गया है उसका क्या होगा? क्या उसे रद्द किया जाएगा? सेकेण्डली आपने जो धारा 195 में यह जो शब्द जोड़े हैं कि 'Court or any other officer authorised by the court' वह कंप्लेन दे सकता है। यदि यहां पर एक रैंक तय हो जाए तो अच्छा होगा ताकि कल को कोर्ट यह न करे कि अपने स्टेनो को या अपने क्लर्क को यह कह दे कि आप कम्प्लेनर बन जाओ और कल को वह उसकी पैरवी न कर पाए। इसलिए इसमें 'Such officer not below the rank of so and so' यह शब्द जोड़ा जाए।

महोदय, यह जो प्ली ऑफ बारगेनिंग का कांसेप्ट है, एक नया कांसेप्ट है और मैं समझता हूँ कि इसके लिए आपका स्वागत भी होगा। लेकिन इसके बारे में कुछ शंकाएं हैं क्योंकि जिन लोगों ने विधि के क्षेत्र में प्रैक्टिकली काम किया है, वे ही आपको बता सकेंगे कि इसके बारे में क्या शंकाएं हो सकती हैं, जैसे सोशियो-इकोनोमिक फैक्टर को आपने इससे बाहर ही रखा है, लेकिन इस सोशियो-इकोनोमिक की व्याख्या क्या होगी? कल को डिफ्रेंट कोर्ट्स के डिफ्रेंट जजमेंट आएंगे और आपका जो इंटेंशन है वह पूरा नहीं होगा। इसलिए अगर इस सोशियो-इकोनोमिक शब्द की परिभाषा इस एक्ट मे डाली दी जाए तो अच्छा होगा।

सेकेण्डली आपने यह प्रावधन रखा है कि This Act does not apply to persons who have committed offence against women and children. इसमें एक कठिनाई आएगी। यह एक्ट लोगों को आपस में नजदीक लाने के लिए है, कप्रोमाइज करने के लिए है, अगर इसमें यह प्रावधान जोड़ दिया जाए कि अगर वह महिला या बच्चा उसी परिवार से है, जैसे एक पिता ने अपने बेटे का मारा-पीटा जिससे उसे चोट आई और एक नॉन काग्नीजिबल ऑफेंस बन गया तो अगर प्ली ऑफ बारगेनिंग होती है तो उसे कुछ एग्जम्प्शन मिलनी चाहिए।

धारा 265-बी में किस स्टेज पर एप्लीकेशन दे सकता है, क्या यह चार्ज फ्रेम होने से पहले या चार्ज फ्रेम होने के बाद या डय़ूरिंग पा ट्रायल एट एनी टाइम, अगर यह स्पेसिफाई होगा, तो उससे एप्लीकेशन और एवीडेंस का कोर्ट को ध्यान रहेगा, वरना कंट्रोवर्सी बढ़ जाएगी कि अब तो स्टेटमेंट और एवीडेंस रिकार्ड हो गए, अब प्ली आफ बार्गेनिंग नहीं हो सकती। इसलिए एक स्टेज तय हो जाए, उससे कानून में इम्प्लीमेंट कराने में मुश्किल नहीं होगी।

आपने धारा 365-बी में कहा है - After receiving the application under sub-section (1), the Court shall issue notice to the Public Prosecutor or the complainant. इसमें वर्ड "ओर " नहीं होना चाहिए, "एंड " होना चाहिए। मान लो कोर्ट प्रोसिक्यूटर को नोटिस दे दे, कम्प्लेनेंट को मालूम नहीं क्या होने वाला है, अंटिल अनलैस और कम्प्लेनेंट और एक्यूस्ड तीनों इकट्ठा न हो जाएं, यह प्ली आफ बार्गेनिंग का फायदा नहीं हो सकता। इसलिए "ओर " की जगह वर्ड "एंड " हो।

आपने 265 (4) ए में जो वर्ड लिखा है - ".the Court is satisfied that the application has been filed by the accused voluntarily." अगर सीआरपीसी पढ़ी जाए तो कोर्ट अपनी सेटिसफैक्शन रिकार्ड करती है, यहां पर ओरेल सेटिसफैक्शन नहीं होनी चाहिए। The Court must record the reason as to how the Court is satisfied with the application voluntarily made. जो 265-सी में वर्ड है, आपने "विक्टिम " वर्ड यूज किया है। आमतौर पर एक केस में एक से ज्यादा इंजर्ड होते हैं। There may be more than one victim. यहां पर "विक्टिम " और "विक्टिम्स " मान लो चार घायल हुए हैं, कोर्ट एक को बुलाकर आपस में फैसला करा देती है, तब तीनों कहें कि हम फैसला नहीं मानते, तो आपकी सारी एक्सरसाइज खत्म हो जाएगी। इसलिए विक्टिम/विक्टिम्स शब्द लाना चाहिए।

आपने 265-बी और 265-के काफी समझ के साथ, काफी मेहनत के साथ इंट्रोडय़ूस किया है। इसमें एक बात आएगी। मान लो एक कप्रोमाइज डेपोजिशन कोर्ट के सामने आ जाए, तो कोर्ट का माइंड बायस्ड हो जाता है। उसे जानकारी हो जाती है कि उस एक्यूस्ड ने अपना कंफैशन कर लिया, अपनी बात मान ली, तो एक प्रोविजन बनाएं कि जिस कोर्ट में ट्रायल चल रहा है, बार्गेनिंग नहीं होती तो उस कोर्ट से ट्रायल किसी और कोर्ट को चली जाएगी, ताकि उसका माइंड फिर बायस्ड न हो।

आपने 265-एल में जुविनाइल और चाइल्ड इन दोनों लोगों को डेफिनेशन से बाहर रखा है। अगर एक केस में एक्यूस्ड चाइल्ड भी हो और जुविनाइल भी हो तो क्या एक केस में दो निर्णय हो सकते हैं? जो मेजर हैं, वे उसका बेनिफिट लें, जो

जुविनाइल हो, चाइल्ड हो, वह बेनिफिट न ले इसलिए चाइल्ड और जुविनाइल को इस परिभाषा से बाहर नहीं रखना चाहिए। आपने एक शिडयूल दिया है ऑफेंस का, उसमें फाइन डिफाइन नहीं किया कि कितना हो सकता है। वह फाइन डिफाइन किया जाए।

कोर्ट में जो प्रेक्टिकल डिफिकलटी आती है, वह मैं बताना चाहता हूं। पुलिस के पास बहुत काम हैं। पुलिस लॉ एंड ऑर्डर को देखती है, पुलिस ट्रैफिक को देखती है, पुलिस इलेक्शन डयूटी में जाती है, वाआईपी की डयूटी पर जाती है। जो लोग इंवैस्टीगेशन करते हैं, उन्हें इंवैस्टीगेशन के साथ-साथ इन डयूटीज़ को भी करना पड़ता है। जब इंवैस्टीगेशन होता है, तो आई.ओ. दो-दो साल तक कोर्ट में पेश नहीं होता, क्योंकि एक ही रिक्वेस्ट आती है कि वह वीआईपी डयूटी पर है, वह इलेक्शन डयूटी पर गया हुआ है, वह स्पेशल चैकिंग पर गया हुआ है। इसलिए आई.ओ. तब तक नहीं बदला जाए उस थाने से, जब तक वह फाइल, चालान पेश न कर दे और उसका स्टेटमेंट न हो जाए।

मैं एक बात बताना चाहता हूं जो हमारा प्रोसिजर का मिसयूज होता है। मान लो एक मर्डर केस में बेल एप्लीकेशन डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने रिजेक्ट कर दी, हाई कोर्ट ने रिजेक्ट कर दी और सुप्रीम कोर्ट ने भी रिजेक्ट कर दी ।लेकिन आईओ के पास पावर है कि वह एक एक्यूज की बेल करवा सकता है। कानून में प्रावधान है कि अगर 90 दिन तक एक्यूज का चालान पेश नहीं किया जाता है तो एक्यूज का राइट है कि उसे बेल-आउट किया जाए। सुप्रीम कोर्ट तक बेल रिजैक्ट हुई हो,

लेकिन एक आईओ को मैनेज कर लो तो एक्यूज बेल ले सकता है। इसलिए ऐसे आईओज के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

मान्यवर, मैं आपसे एक टैक्निकल पाइंट और जानना चाहता हूं। एवीडेंस की बात आपने की है। एवीडेंस दो प्रकार के होते हैं - एक तो ऑरल एवीडेंस और एक डाक्युमेट्री एवीडेंस होता है, जो एक्सपर्ट के द्वारा आता है। मान लो कि एक डाक्टर मैडीकल लीगल रिपोर्ट देता है, एक्यूज सीएमओ को कहता है कि बोर्ड बैठा दो, उसके ऊपर बोर्ड बैठता है। मान लो कि बोर्ड की ओपिनियन में अंतर आ गया। पहले डाक्टर ने गलत बोला तो क्या यह कानून उसके ऊपर भी लागू होगा? इस बारे में यह साइलेंट है क्योंकि उनकी स्टेटमेंट नहीं होती है, वे सिर्फ ओपिनियन देते हैं। पैसे लेकर डाक्टर्स एमएलआर देते हैं। बोर्ड का फैसला दूसरा आता है और डाक्टर की ओपिनियन दूसरी आती है तो आप कैसे करेंगे?

इसी प्रकार से कई टैस्ट्स होते हैं जैसे फूड का आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत टैस्ट होता है, एक्यूज के पास राइट है to get the second sample tested from the laboratory. तो दो कंट्राडिक्ट्री रिपोर्ट्स आ जाती हैं। एक रिपोर्ट जिस पर पुलिस ने रिलाई किया और दूसरी रिपोर्ट जिस पर एक्यूज ने रिलाई किया। अगर ये कंट्राडिक्ट्री रिपोर्ट्स आईं तो क्या सैक्शन 195 उनपर एप्लाई होगा? These questions need reply. They need clarity. पहले जजमेंट हाईकोर्ट की आयेगी, फिर सुप्रीमकोर्ट की आएगी, फिर केस सैटल होगा। तब तक यह जो एक्ट आप लाए हैं उसकी मंशा पूरी नहीं होगी। इन पाइंट्स को अभी क्लीयर कर दिया जाए, ताकि इम्प्लीमेंट करने में मुश्किल न आये।

आखिर में मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि कानून के हिसाब से पुलिस और ज्युडिशियरी दोनों को हमें तैयार करना होगा, दोनों की सोच को बदलना होगा, दोनों को मॉडर्न टैक्नोलॉजी देनी होगी। उदाहरण के तौर पर मान लो कि दफा 304(ए) का केस है जिसमें दो साल की सजा है। मान लो कि दिल्ली के आदमी का गुवहाटी में एक्सीडेंट हुआ तो उसे हर पेशी पर वहां जाना पड़ेगा। सजा दो साल है लेकिन उसका इतना नुकसान हो जाएगा कि वह सारी उम्र भूल नहीं सकता है। कंपाउंडेबल ऑफेंस है, सजा दो साल है या ऑफेंस नॉन-कंपाउंडेबल है तो इसको भी रिव्यू करके एक्सीडेंटल केसेज को भी इस प्ली ऑफ बारगेनिंग में लाया जाए।

DR. SEBASTIAN PAUL (ERNAKULAM): Sir, I welcome this Criminal Law Amendment Bill which in fact is a three in one piece amending the Indian Penal Code, the Code of Criminal Procedure and the Indian Evidence Act. There is no need to go further deep into the Bill because there is almost unanimity in accepting the provisions of the Amendment Bill. Our criminal administration system is undergoing a sea change with the introduction of a new concept, that is, the concept of plea-bargaining. Plea-bargaining is a new concept in India which in fact is imported from the United States but with drastic changes. I think the plea-bargaining adopted by us is more effective than the one being practised in the United States. There is strict judicial control in the Indian system. It will greatly enable the courts to clear the arrears of cases. A perennial bane of the Indian judiciary is the never-ending arrears of cases. Our judiciary is suffering from some sort of a docket explosion. So, with the introduction of this system, a majority of minor offences which attract punishment of less than seven years imprisonment can be settled out of court under strict judicial surveillance and control.

But at the same time, I have to give a caveat because we cannot believe our police totally. In various offences, the police can extract confession and produce a person before the court for plea-bargaining. The case can be closed at that stage and the real culprit will go scot-free. In other words, this is a perfect system and through plea-bargaining we are introducing another great concept in victimology, that is, to compensate the victims, apart from giving punishment to the accused or the offender.

So, in all these respects, I have to welcome this move. This amendment will greatly modify our criminal administrative system and I hope our lower judicial officers will make use of these provisions to clear arrears of cases. Let us hope that with this and many more amendments to come, we would provide a more clean, just and equitable justice system in the country.

